Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 96 | शुक्रवार, 10 अप्रैल-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में मतदान खत्म, ईवीएम में कैद हुई दिग्गजों की किस्मत, 4 मई को फैसला

## शाम 5 बजे तक असम में 84.42%, केरल में 75.01% और पुडुचेरी में 86.92% मतदान हुआ

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में 2026 विधानसभा चुनावों के लिए गुरुवार को मतदान खत्म हो गया है। शाम तक मतदान प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। वोटों की गिनती 4 मई को होनी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, शाम 5 बजे तक असम में 84.42%, केरल में 75.01% और पुडुचेरी में 86.92% मतदान हुआ। असम में, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने जलुकबारी स्थित अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदान किया। वे राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार के रूप में इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और यहीं से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके साथ उनकी पत्नी रिनिकी भुयान शर्मा और उनके बच्चे भी थे। इससे पहले, उन्होंने गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की।

जलुकबारी लगभग 25 वर्षों से सरमा का गढ़ रहा है। वे 2001 से इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जब उन्होंने असम गण परिषद के नेता भृगु कुमार फुकन को हराया था। इस बीच, चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनावों में सामान्य मतदान दर्ज किया गया। शाम 5 बजे तक, कर्नाटक के बागलकोट में 65.68%, दावनगेरे दक्षिण में 63.04%, नागालैंड के कोरिडांग में 80.62% और त्रिपुरा के धर्मनगर में 79.84% मतदान हुआ।

इससे पहले असम में तीन चरणों में कराए गए 2021 के विधानसभा चुनावों में लगभग 82 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। इस बार एक चरण के चुनाव में कुल 722 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिसमें मुख्य रूप से भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन और कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल रहा है। मतदान केंद्रों के बाहर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं।

# मतदान केंद्र पर एआई रोबोट से स्वागत, मतदाताओं के आकर्षण का केंद्र बनी नीला, जानिए खासियत

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**पुदुचेरी।** पुदुचेरी विधानसभा चुनाव 2026 के दौरान मतदाताओं का स्वागत एक अनोखे और हाई-टेक अंदाज में हुआ। राजभवन निर्वाचन क्षेत्र के वीओसी सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक मॉडल मतदान केंद्र बनाया गया। यहां वोट डालने आ रहे लोगों का स्वागत 'नीला' नाम की एक रोबोट ने किया। पारंपरिक कपड़ों में सजी नीला के हाथ में फूलों की पंखुड़ियों से भरी एक थाली थी। मतदान केंद्र के गलियारे में चलते हुए इस रोबोट ने हर आने वाले व्यक्ति का अभिवादन किया और उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। रोबो मिरर कंपनी के कौशिक ने इस रोबोट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नीला एक इवेंट-आधारित रोबोट है। इसे खास तौर पर शादियों, दफ्तरों के काम और चुनावों जैसे बड़े मौकों के लिए तैयार किया गया है। इस रोबोट को चेन्नई और कोयंबटूर से यहां लाया गया है। नीला रोबोट में कई आधुनिक खूबियां मौजूद हैं। इसमें वॉयस फीचर लगा है, जिसकी मदद से यह खुद बात कर सकती है। इसमें पहले से कुछ निर्देश यानी कमांड फीड किए जाते हैं। जिससे यह पास खड़े लोगों को सुनाई देने वाली आवाज में बात करती है। पुदुचेरी के जिला निर्वाचन अधिकारी ए कुलोथुंगन ने पीटीआई को बताया कि यह पहल मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए की गई है। निर्वाचन विभाग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए इस रोबोट को तैनात किया है।

# चुनाव आयोग के फैसले पर भड़के चिदंबरम-स्टालिन, बोले- तमिलनाडु में बीजेपी को पहुंचा रहे फायदा

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**तमिलनाडु।** कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने तमिलनाडु के मुख्य सचिव के प्रतिस्थापन के संबंध में चुनाव आयोग (ईसी) की हालिया कार्रवाई पर चिंता व्यक्त की, और सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व फैसले का हवाला दिया जिसमें चुनाव आयोग को 'अपने ही साम्राज्य में सत्ता हथियाने' के खिलाफ चेतावनी दी गई थी। आगामी राज्य विधानसभा चुनाव से पहले  पर एक पोस्ट में चिदंबरम ने कहा कि कुछ साल पहले, सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में चुनाव आयोग को अपने ही साम्राज्य में सत्ता हथियानेह्ल के खिलाफ चेतावनी दी थीङ्ग वह दूरदर्शी टिप्पणी थी।

चिदंबरम ने आगे कहा कि तमिलनाडु में एक ईमानदार, कुशल और निष्पक्ष मुख्य सचिव का तबादला और चुनाव आयोग द्वारा टीएमसी के चार सांसदों के साथ किए गए उपेक्षापूर्ण व्यवहार से सुप्रीम कोर्ट की आशंका की पुष्टि होती प्रतीत होती है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी चुनाव आयोग की आलोचना करते हुए उस पर एकतरफा कार्रवाई करने और कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया।

स्टालिन ने बुधवार को  पर एक पोस्ट में कहा कि मैं चुनाव आयोग की कड़ी निंदा करता हूं, जो भाजपा के समर्थन में सीधे प्रचार किए बिना चुनावी मैदान में पूरी तरह सक्रिय है, और अब तमिलनाडु के मुख्य सचिव को बदलकर एकतरफा और अतिवादी राजनीतिक कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने का दायित्व प्राप्त चुनाव आयोग का भाजपा के शासन में उसके आदेशों का पालन करना शर्मनाक है। चुनाव आयोग को संवैधानिक संरक्षण भाजपा के लिए चुनावी कार्य करने के लिए नहीं दिया गया है। स्टालिन ने यह भी उल्लेख किया कि केंद्र ने विधानसभा चुनाव करा रहे अन्य राज्यों में शीर्ष सरकारी और पुलिस अधिकारियों को नहीं बदला। बुधवार को, चुनाव आयोग ने एन मुरुगनंदम के स्थान पर साई कुमार को तमिलनाडु का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया। इन घटनाक्रमों ने तमिलनाडु में राजनीतिक तनाव को और बढ़ा दिया है, विपक्षी दल चुनाव अवधि के दौरान संस्थानों की निष्पक्षता और चुनाव आयोग के निर्णयों पर सवाल उठा रहे हैं।

# एनसीपी के भारी दबाव के आगे झुकी कांग्रेस, सुनेत्रा पवार का निर्विरोध चुना जाना तय

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार, कांग्रेस के चुनाव से हटने के बाद बारामती उपचुनाव में निर्विरोध जीत जाएंगी। कांग्रेस ने अजित पवार के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए चुनाव से नाम वापस लिया।

अजित पवार एक अनुभवी राजनेता थे जिनका 28 जनवरी को बारामती हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश के दौरान उनके चार्टर्ड विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से निधन हो गया था।

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि पार्टी ने शुरू में बारामती उपचुनाव के लिए आकाश मोरे को उम्मीदवार बनाकर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया था, लेकिन एनसीपी नेताओं के लगातार दबाव के बाद उम्मीदवारी वापस लेने का फैसला किया।

सपकाल ने कहा कि हमने आंतरिक रूप से चर्चा की और हमारा मानना था कि हमारा निर्णय सही था, लेकिन महाराष्ट्र की परंपरा और मिले दबाव को देखते हुए पार्टी ने बारामती उपचुनाव से आकाश मोरे को उम्मीदवार न बनाने का फैसला किया है। उन्होंने आगे कहा कि अजित पवार का निधन निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण था। वे अतीत में कांग्रेस से भी जुड़े रहे थे।

सुनेत्रा पवार ने आज तक मुझे तीन बार फोन किया। एक प्रतिनिधिमंडल ने भी मुझसे मुलाकात की। एनसीपी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल और धनंजय मुंडे ने भी फोन पर मुझसे अनुरोध किया। एनसीपी से रोहित पवार ने भी यही अनुरोध किया और कांग्रेस के खिलाफ दिए गए बयान पर खेद व्यक्त किया।

नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि पर यह घोषणा की गई है, जिससे कांग्रेस के रुख को लेकर कई दिनों से चली आ रही अनिश्चितता का अंत हो गया है।

गुरुवार दोपहर 1:45 बजे तक बारामती उपचुनाव के लिए 20 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया था। शुरूआत में कुल 55 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। सुप्रिया सुले ने गुरुवार को कांग्रेस नेतृत्व से सीधे अपील करते हुए इस कदम को श्रद्धांजलि के रूप में पेश किया।  पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि अजित पवार के असामयिक निधन के बाद, बारामती विधानसभा क्षेत्र में अब उपचुनाव होने जा रहा है। उन्होंने पवार के कांग्रेस के साथ लंबे जुड़ाव पर जोर देते हुए कहा कि 'अजित दादा की राजनीतिक यात्रा कांग्रेस पार्टी से शुरू हुई थी,' और पार्टी से आग्रह किया कि वह 'बारामती में निर्विरोध चुनाव' पर विचार करे, जो 'उनकी सार्वजनिक सेवा और समावेशी राजनीति की विरासत के लिए एक गरिमापूर्ण और हार्दिक श्रद्धांजलि' होगी।

# एएमयू हॉस्टल में पुलिस छापेः जिंदा कारतूस और नकली नोटों का जखीरा बरामद



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) और स्थानीय पुलिस के सुरक्षा अधिकारियों ने संयुक्त अभियान में एक छात्रावास के कमरे की तलाशी ली, जहां से कई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद हुईं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कारतूस और नकली नोटों के साथ-साथ कई अन्य सामग्रियां भी जब्त कीं। सूचना के अनुसार, इस अभियान के दौरान मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार को मिली जानकारी के आधार पर टीम ने बुधवार शाम को सर जियाउद्दीन हॉल के एक कमरे में तलाशी ली। बरामद की गई वस्तुओं में 32 बोर की पिस्तौल की गोलियां, 12 बोर की बंदूक के चार कारतूस, नकली नोट, आठ मोबाइल फोन और एक खाली मैगजीन कवर शामिल थे। एएमयू के प्रॉक्टर नवीद खान ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शेवाज नाम का एक व्यक्ति कमरे में अवैध रूप से रह रहा था। उन्होंने आगे बताया कि आरोप हैं कि शेवाज ने वैध आवंटियों को कमरे से बाहर निकाल दिया और कई महीनों से वहां अवैध रूप से रह रहा था। नवेद खान ने बताया कि वैध आवंटियों में से एक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि शेवाज ने कमरे पर कब्जा कैसे किया। उन्होंने कहा कि कमरे से बरामद दस्तावेजों से पता चलता है कि शेवाज ने पहले एएमयू में एक कोर्स में दाखिला लिया था। हालांकि, जांच के दौरान मिले रिकॉर्ड से पता चलता है कि वह एक अनिवासी छात्र था जिसे छात्रावास में रहने का अधिकार नहीं था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोमवार को अलीगढ़ के सिविल लाइंस इलाके में हुई गोलीबारी की घटना के सिलसिले में मंगलवार को तीन लोगों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान शेवाज का नाम सामने आया, जिसके बाद जांच टीम ने छात्रावास के कमरे पर छापा मारा। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# पश्चिम बंगाल में मोदी के 6 बड़े वादों ने हिला दिये सत्ता के सारे समीकरण, टीएमसी के लिए आगे की राह मुश्किल

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**





**बंगाल।** पश्चिम बंगाल की सियासत में चुनावी संग्राम ने अब उबाल पकड़ लिया है और इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व मेदिनीपुर की धरती से ऐसे वादों की बौछार की है जिसने राजनीतिक माहौल को पूरी तरह गर्म कर दिया है। चुनावी मंच से दिए गए उनके छह बड़े ऐलान सीधे तौर पर सत्ता में बैठी तृणमूल सरकार पर तीखा हमला भी हैं और जनता को लुभाने की स्पष्ट रणनीति भी। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री ने सबसे पहले बंगाल में फैले डर और अव्यवस्था के माहौल को निशाने पर लिया। उन्होंने साफ कहा कि यदि उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो भय का यह वातावरण खत्म कर विश्वास की स्थापना की जाएगी और कानून का राज मजबूत किया जाएगा। यह बयान केवल एक वादा नहीं बल्कि मौजूदा शासन व्यवस्था पर सीधा प्रहार है।

उन्होंने प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर भी बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि नई सरकार बनने पर पूरा प्रशासन जनता के प्रति पूरी तरह जवाबदेह होगा। यह संकेत साफ है कि वर्तमान व्यवस्था को वह गैर जिम्मेदार और जनता से कटे हुए रूप में पेश कर रहे हैं। सबसे ज्यादा सनसनीखेज वादा भ्रष्टाचार और अपराध को लेकर सामने आया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर घोटाले, हर भ्रष्टाचार और महिलाओं के खिलाफ हुए हर अपराध की फाइल दोबारा खोली जाएगी।

यह बयान चुनावी माहौल में एक बड़े हथियार की तरह देखा जा रहा है, क्योंकि इससे सीधे तौर पर विरोधी दलों के नेताओं पर शिकंजा कसने का संदेश जाता है। प्रधानमंत्री ने और भी आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा कि तृणमूल शासन में जो भी भ्रष्टाचार में शामिल रहा है, उसे जेल जाना होगा। चाहे वह मंत्री हो या कोई साधारण कर्मचारी, कानून सब पर समान रूप से लागू होगा।

यह बयान साफ करता है कि आने वाले समय में राजनीतिक टकराव और तेज हो सकता है। शरणार्थियों और घुसपैठ के मुद्दे पर भी प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि शरणार्थियों को संवैधानिक अधिकार दिए जाएंगे, जबकि घुसपैठ करने वालों को देश में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हम आपको बता दें कि यह मुद्दा लंबे समय से बंगाल की राजनीति का केंद्र रहा है और इस पर दिया गया यह बयान चुनावी समीकरण बदल सकता है।

सरकारी कर्मचारियों को साधने के लिए प्रधानमंत्री ने सातवें वेतन आयोग को लागू करने का वादा भी किया। यह कदम सीधे तौर पर लाखों कर्मचारियों और उनके परिवारों को प्रभावित करेगा, जिससे चुनाव में बड़ा असर पड़ सकता है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में दोहरे इंजन की सरकार की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र और राज्य में एक ही दल की सरकार होगी तो विकास की गति तेज होगी और बंगाल आत्मनिर्भर बन सकेगा, खासकर मत्स्य और समुद्री उत्पाद के क्षेत्र में। देखा जाये तो प्रधानमंत्री के ये छह बड़े वादे केवल घोषणाएं नहीं बल्कि चुनावी रण में फेंके गए तेज धार वाले तीर हैं। अब देखना यह है कि बंगाल की जनता इन वादों को कितना स्वीकार करती है और सत्ता की कुर्सी किसके हाथ आती है।

## मां रो रही हैं, माटी को घुसपैठियों ने घेर लिया है, मानुष डरा हुआ है, बंगाल में बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस पर जंगल राज का आरोप लगाते हुए कहा कि वह मां, माटी और मनुष्य की बात तो करती है, लेकिन उसके शासन में मां रो रही है, माटी पर घुसपैठियों का कब्जा है और मनुष्य भयभीत है। यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने ₹भयमुक्त₹ समाज की कल्पना की थी, लेकिन तृणमूल कांग्रेस ने इसके ठीक विपरीत परिस्थितियां पैदा कर दी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर एक ऐसे समाज की कल्पना करते थे जहां हर कोई भयमुक्त हो। लेकिन टीएमसी के जंगल राज ने ठीक इसका उल्टा कर दिया है। वे 'मां, माटी और मनुष्य' की बात करते थे, लेकिन आज मां रो रही है, माटी पर घुसपैठियों का कब्जा है और मनुष्य भयभीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी का गिरोह इन घुसपैठियों को जाली सरकारी दस्तावेज हासिल करने में मदद कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जमीन पर घुसपैठियों का अतिक्रमण चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है। टीएमसी का गिरोह इन घुसपैठियों को जाली सरकारी दस्तावेज हासिल करने में मदद कर रहा है। घुसपैठिए पड़ोसी क्षेत्रों से घुसकर राज्य में बस रहे हैं। आज मैं बंगाल की जनता से वादा करता हूं। बंगाल में भाजपा सरकार बनते ही घुसपैठ में मदद करने वालों के खिलाफ विशेष जांच शुरू की जाएगी। यह मेरी आपको गारंटी है। चाहे वे कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, उनकी पहचान कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। 2022 की बोगटुई घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए, जिसमें गांव में झोपड़ियों में आग लगाने के बाद आठ लोग जिंदा जल गए थे, प्रधानमंत्री मोदी ने इसे मानवता पर कलंक बताया। हमारा बीरभूम टीएमसी के जंगल राज का गवाह है। बोगटुई में जो हुआ वह महज एक घटना नहीं थी; यह मानवता पर एक कलंक था। निर्दोष महिलाओं और बच्चों को जिंदा जला दिया गया। अगर यह जंगल राज नहीं है, तो फिर क्या है?

# गैस रिसाव के बाद क्वार्टर में लगी आग, 7 बच्चों समेत 11 लोग झुलसे



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** हरियाणा के यमुनानगर जिले से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। बृहस्पतिवार सुबह सलेमपुर बांगर इलाके में प्रवासी मजदूरों के एक आवासीय क्वार्टर में एलपीजी सिलेंडर फटने से 7 बच्चों समेत कुल 11 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। धमाका इतना जोरदार था कि क्वार्टर की दीवारें तक ढह गईं।

जगाधरी (सदर) थाना प्रभारी तरसेम कुमार के अनुसार, यह घटना एक स्थानीय कारखाने के पास बने लेबर क्वार्टर में हुई। सुबह के समय एक परिवार लकड़ी के चूल्हे पर खाना बना रहा था। इसी दौरान पास में रखे एक गैस सिलेंडर से रिसाव शुरू हो गया। चूल्हे की चिंगारी ने लीक हो रही गैस को पकड़ लिया, जिससे आग लग गई।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और सिलेंडर में जबरदस्त विस्फोट हो गया। विस्फोट के प्रभाव से कमरे की दीवारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। उन्होंने बताया, पास में रखे एक सिलेंडर से गैस का रिसाव हुआ और इसमें आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया और फिर इसमें धमाका हुआ, जिससे क्वार्टर की दीवारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में दो महीने का एक शिशु, 43 वर्ष के दो पुरुष, एक महिला (40) और 18 वर्षीय युवती शामिल है जबकि अन्य घायल बच्चों की उम्र पांच से 10 वर्ष के बीच बताई गई है।

## संपादक की कलम से

# राजा सिंह ने जंगलवासियों को चुनौतियों का सामना करने के पांच सूत्र दिए

सिंह ने कहा, 'पहले किसी भी राजा ने आपकी समस्याओं का समाधान नहीं किया, लेकिन मेरे पास बिलकुल अलग दृष्टि है और उसकी मदद से मैं आपकी समस्याओं का समाधान कर रहा हूं।' 'राजा सिंह की जय हो।' सिंह के सलाहकार रीछ एक ही सांस में बोलने लगे, 'महाराज, जंगल में अभाव की शिकायतें बढ़ रही हैं। आप कुछ कीजिए।' 'मैंने जंगलवासियों के सामने इतने कदम उठाए थे। दरबारियों और अधिकारियों के साथ मिलकर हमने उन्हें भरोसा दिलाया था, उसका कोई असर नहीं हुआ? जंगलवासियों में धैर्य ही नहीं है।' राजा सिंह झुंझला गए। कुछ दिन पहले ही जंगल का एक प्रतिनिधिमंडल राजा सिंह से मिला था और दाना-पानी-चारे की कमी की शिकायत की थी। पक्षियों के लिए गैस से पंखों के मसाज की व्यवस्था थी, लेकिन पंपों ने गैस के दाम बढ़ा दिए थे और जानवरों के पैरों में लिक्विड डालकर मसाज के लिए जो ईंधन इस्तेमाल होता था, उसके दाम भी बढ़ गए थे। इन सब शिकायतों के बाद राजा सिंह ने तुरंत दरबारियों से जानकारी लेकर जंगलवासियों को आश्वासन दिया था। यहां तक कि उन्होंने अपने द्वारा उठाए गए एक हजार कदमों का डेटा भी दिखाया था। उन्हें लगा था कि इसके बाद शिकायतें खत्म हो जाएँगी। 'आपके कदमों का असर दो-चार दिन ही रहा, लेकिन अभी भी गैस की कमी है। ईंधन के दाम बढ़ गए हैं। और आपके मित्र, विदेशी जंगल के राजा गोल्डन ईगल बारबार अपने फैसले बदलते रहते हैं, जिससे हमारे जंगलवासियों के व्यापार और रोजगार पर असर पड़ता है। जिस जंगल पर गोल्डन ईगल ने हमला किया है, वहां से हमारा काफी व्यापार होता था और।' रीछ की लंबी बातों से परेशान होकर राजा सिंह ने उन्हें रोकते हुए कहा, 'ठीक है, ठीक है, मैं कुछ करता हूं।' रीछ को विदा करके राजा सिंह गहरे विचार में डूब गए। काफी सोच-विचार के बाद मन ही मन बोले, 'कुछ करने की जरूरत नहीं है। दावे करने से काम चल जाएगा। मैं फिर से कह दूंगा कि जंगल में कोई कमी नहीं है। एक अच्छा भाषण दे दूंगा, काम बन जाएगा।' राजा सिंह ने तुरंत अपने भाषण लेखक कलकलिया कलमघसु को बुलाया और एक प्रेरणादायक भाषण लिखने का आदेश दिया। भाषण तैयार हुआ और राजा सिंह ने उसका वीडियो साझा किया। उन्होंने जंगलवासियों को इस स्थिति में क्या करना चाहिए, उसके पांच सूत्र बताए, 'साथियो, मैं आज आपकी सभी समस्याओं का समाधान लेकर आया हूं। पहले किसी भी राजा ने आपकी समस्याओं का समाधान नहीं किया, लेकिन मेरे पास अलग दृष्टि है और मैं उससे समाधान कर रहा हूं। आपको सिर्फ ये पांच सूत्र याद रखने हैं। आपकी सारी समस्याओं का हल इनमें है। सुनिए, शिकायत मत करो बारबार शिकायत करने से आपका मानसिक स्वास्थ्य खराब होगा। शिकायतें कमजोर मन की निशानी हैं। मन कमजोर होगा तो विकास कैसे होगा? जब हम विकसित जंगल के संकल्प की ओर बढ़ रहे हैं, तब शिकायतें हमारे विरोधियों को फायदा पहुंचाएंगी। हमें अपनी जरूरतों की कुबार्नी देनी होगी। जो नहीं मिलता, उसकी शिकायत मत करो। संतोषी बनो, जो मिलता है, उसमें खुशी ढूंढो। हम जो है उसकी कद्र नहीं करते। हमारे जंगल में गैस, ईंधन, चारा, पानी और दाने की कमी हो सकती है, लेकिन उसे उजागर मत करो। हवा तो मिलती है, उसका आनंद लो। इंटरनेट मिलता है, उसका उपयोग करो। रील्स बनाओ, रील्स देखो।



ललित शर्मा
संपादक

## शराफत हो गई यहाँ गुमनाम

उदय किशोर साह



कविता

सोंच समझकर कोई कदम बढ़ाना
विचित्रता से भरी हुई है ये जमाना
धोखाघड़ी की बन गई है नया पैमाना
जाना पहचाना हो गया यहाँ अनजाना

नहीं है जग में सज्जन का कोई कद्रदान
छल कपट से परिपूर्ण है यहाँ पे इन्सान
पोर पोर से छलकता है तन से अभिमान
मानव बन गया धरा पे कण कण पे हैवान

जग में पैसा बना है अपनी नई पहचान
दौलत ने भूला दी मानवता की ईमान
झूठे की काँधे पे हँस रहा है वो बेईमान
वाह रे दुनियाँ वाह रे रचने वाले भगवान

भाई _भाई के बीच नफरत की दीवार
रिश्ते के बीच रिश्ता है यहाँ पे बीमार
समाज में बह रही ईर्ष्या द्वेष की बयार
विश्वास से हो गई यार में यार से तकरार

सच्चाई का यहाँ जब किस्मत है फूटा
सरंक्षक ही जब हम सब को है लूटा
तब खुशियों का साया सबसे है। रुठा
अपनों का अपनों से है सब रिश्ता टूटा

शकून तन मन से हो गई अब गुमनाम
जीवन से छिटक गई मन की अरमान
छद्म रूप में आता है कोई भी इन्सान
बेकार हो गई मिहनत तेरी ओ भगवान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# आखिर युद्ध से मिला क्या?



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक



दुनिया एक बार फिर उसी मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है, जहाँ शक्ति प्रदर्शन, धमकियों और सैन्य गतिविधियों के बीच मानवता की आवाज कहीं दब सी जाती है। हालिया घटनाओं ने यह प्रश्न फिर से प्रासंगिक बना दिया है कि आखिर युद्ध से किसी को वास्तव में क्या मिलता है। क्या यह केवल ताकत का प्रदर्शन भर है, या इसके पीछे कोई स्थायी समाधान भी निहित होता है? इतिहास और अनुभव दोनों इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि युद्ध किसी समस्या का अंत नहीं करता, बल्कि वह नई समस्याओं की एक अंतहीन श्रृंखला को जन्म देता है। आज जब वैश्विक परिदृश्य में अस्थिरता बढ़ती जा रही है, तब यह प्रश्न और भी अधिक गंभीर हो उठता है।

युद्ध की शुरूआत प्रायः राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मरक्षा या सम्मान की रक्षा के नाम पर होती है, लेकिन इसका परिणाम कहीं अधिक व्यापक और विनाशकारी होता है। युद्ध के बाद जिन्हें विजेता कहा जाता है, वे भी भीतर से कमजोर हो जाते हैं। उनकी अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ पड़ता है, संसाधनों की बबार्दी होती है, और सामाजिक ढांचा चरमराने लगता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास जैसे क्षेत्रों पर इसका सीधा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। दूसरी ओर, पराजित देश तो पहले से ही विनाश के मलबे तले दब जाते हैं, जहाँ पुनर्निर्माण की प्रक्रिया वर्षों तक चलती है और पीढ़ियाँ उसकी कीमत चुकाती हैं। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे अधिक क्षति आम नागरिकों को उठानी पड़ती है, जिनका न तो युद्ध में कोई प्रत्यक्ष योगदान होता है और न ही निर्णय प्रक्रिया में कोई प्रभाव।

युद्ध केवल भौतिक विनाश ही नहीं लाता, बल्कि यह मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक स्तर पर भी गहरे घाव छोड़ता है। विस्थापन, भय, असुरक्षा और मानसिक आघात ऐसी स्थितियाँ हैं, जो युद्ध के बाद लंबे समय तक समाज को प्रभावित करती हैं। बच्चे, महिलाएँ और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।

उनके जीवन की सामान्य धारा बाधित हो जाती है, और वे एक अनिश्चित भविष्य की ओर धकेल दिए जाते हैं। सभ्यता, जो हजारों वर्षों में विकसित होती है, वह कुछ ही दिनों या महीनों में बिखर सकती है।

हाल के घटनाक्रम यह भी दशार्ते हैं कि बाहरी हमले और दबाव किसी देश को कमजोर करने के बजाय उसे और अधिक संगठित तथा आक्रामक बना सकते हैं। जब किसी राष्ट्र पर लगातार दबाव डाला जाता है, तो वहाँ राष्ट्रवाद की भावना प्रबल हो जाती है। लोग अपने आंतरिक मतभेद भुलाकर बाहरी खतरे के विरुद्ध एकजुट हो जाते हैं। इस प्रकार, जो रणनीति किसी देश को झुकाने के लिए अपनाई जाती है, वही उसे और अधिक सशक्त बना सकती है। यह युद्ध की सबसे बड़ी विडंबनाओं में से एक है कि वह अपने घोषित उद्देश्यों को भी कई बार पूरा नहीं कर पाता।

युद्ध का प्रभाव केवल युद्धरत देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका असर वैश्विक स्तर पर महसूस किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, व्यापार मार्ग और ऊर्जा आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र इससे सीधे प्रभावित होते हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे संवेदनशील समुद्री मार्गों पर उत्पन्न संकट पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधाएँ और निवेश में अनिश्चितता जैसे परिणाम वैश्विक स्तर पर दिखाई देते हैं। विकासशील देशों पर इसका प्रभाव और अधिक गंभीर होता है, क्योंकि उनकी अर्थव्यवस्था पहले से ही सीमित संसाधनों पर निर्भर होती है।

जब महाशक्तियाँ किसी संघर्ष में शामिल होती हैं, तो स्थिति और अधिक जटिल हो जाती है। उनका हस्तक्षेप केवल सैन्य स्तर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि कूटनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक आयाम भी ग्रहण कर लेता है। इससे छोटे और मध्यम देशों के लिए अपनी स्थिति स्पष्ट करना कठिन हो जाता है।

वे अक्सर ऐसे संतुलन की तलाश में रहते हैं, जिसमें उनके राष्ट्रीय हित सुरक्षित रहें और वे किसी बड़े टकराव का हिस्सा भी न बनें। लेकिन यह संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होता, क्योंकि हर निर्णय के दूरगामी परिणाम होते हैं।

पश्चिम एशिया इस प्रकार के जटिल संघर्षों का एक प्रमुख उदाहरण है, जहाँ राजनीतिक, धार्मिक और सामरिक कारणों से तनाव लगातार बना रहता है।

यहाँ की परिस्थितियाँ यह संकेत देती हैं कि एक छोटी-सी चिंगारी भी व्यापक संघर्ष का रूप ले सकती है। विभिन्न देशों और संगठनों की सक्रियता ने इस क्षेत्र को और अधिक संवेदनशील बना दिया है। यहाँ होने वाले किसी भी घटनाक्रम का प्रभाव केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर महसूस किया जाता है।

ऐसे परिदृश्य में कुछ देशों ने संतुलित और परिपक्व कूटनीति का परिचय देने का प्रयास किया है। उन्होंने न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता को भी ध्यान में रखा। यह इस बात का प्रमाण है कि संवाद और कूटनीति के माध्यम से भी जटिल परिस्थितियों का समाधान खोजा जा सकता है। भले ही यह प्रक्रिया धीमी और चुनौतीपूर्ण हो, लेकिन यही स्थायी शांति की दिशा में सबसे विश्वसनीय मार्ग है।

वर्तमान समय में युद्ध का एक और महत्वपूर्ण आयाम सूचना और प्रचार का है। अब युद्ध केवल रणभूमि तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मीडिया और डिजिटल मंचों पर भी लड़ा जा रहा है। सूचनाओं का नियंत्रण, अफवाहों का प्रसार और जनमत को प्रभावित करने के प्रयास इस संघर्ष का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं।

इससे सत्य और असत्य के बीच अंतर करना और भी कठिन हो गया है। सोशल मीडिया के दौर में एक छोटी-सी भ्रामक सूचना भी बड़े स्तर पर भ्रम और तनाव उत्पन्न कर सकती है।

इसके अतिरिक्त, युद्ध पर्यावरण पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। बमबारी, रासायनिक हथियारों का उपयोग, और औद्योगिक ढाँचों का विनाश पर्यावरण को दीर्घकालिक नुकसान पहुँचाता है। जल, वायु और भूमि प्रदूषण के कारण प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जाता है। जैव विविधता पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, और कई बार यह नुकसान अपरिवर्तनीय होता है। इस प्रकार, युद्ध केवल वर्तमान पीढ़ी को ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रभावित करता है।

अंततः यह स्पष्ट है कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। यह केवल अस्थायी जीत और स्थायी घाव छोड़ता है। मानवता, विकास और शांति के पथ पर अग्रसर होने के लिए आवश्यक है कि राष्ट्र संवाद, सहयोग और पारस्परिक समझ को प्राथमिकता दें।

अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका को भी मजबूत करने की आवश्यकता है, ताकि वे संघर्षों को रोकने और समाधान खोजने में अधिक प्रभावी हो सकें।

आज की दुनिया को यह समझना होगा कि असली शक्ति विनाश में नहीं, बल्कि सृजन में निहित है। जो देश और समाज इस सत्य को स्वीकार कर लेंगे, वही भविष्य में स्थायी शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त कर पाएंगे। युद्ध के धुएँ में भले ही क्षणिक विजय का भ्रम दिखाई दे, लेकिन जब वह धुआँ छंटता है, तो पीछे केवल विनाश, पछतावा और अनिश्चितता ही शेष रह जाती है। यही युद्ध की सबसे बड़ी सच्चाई है-एक ऐसी सच्चाई, जिसे समझना और स्वीकार करना आज पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है।

# संस्था निमार्ता से जीवन मार्गदर्शक तकः डॉ. विजय गर्ग की यात्रा



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका









भारत में शिक्षा की दुनिया आज आंकड़ों, प्रतिशतों और रैंकिंग की चकाचौंध में उलझती जा रही है। स्कूलों और कॉलेजों की गुणवत्ता का मूल्यांकन अब इस आधार पर किया जाता है कि कितने विद्यार्थियों ने परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, कितनों को प्रतिष्ठित नौकरियाँ मिलीं और कितनों ने प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता हासिल की। लेकिन इस पूरे परिदृश्य के बीच एक बुनियादी प्रश्न अक्सर अनसुना रह जाता है-क्या शिक्षा केवल परिणाम देने का माध्यम है, या यह मनुष्य गढ़ने की प्रक्रिया भी है? इसी प्रश्न का जीवंत उत्तर हैं डॉ. विजय गर्ग, जिनका जीवन और कार्य हमें शिक्षा के वास्तविक अर्थ से परिचित कराते हैं।

डॉ. विजय गर्ग का नाम केवल एक प्रशासनिक अधिकारी या प्रिंसिपल के रूप में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने लगभग चार दशकों तक शैक्षणिक संस्थानों का नेतृत्व किया, लेकिन उनका योगदान किसी पद या दायित्व की सीमाओं में नहीं बंधा। वे उन विरले शिक्षकों में से थे जिनके लिए शिक्षा एक पेशा नहीं, बल्कि एक नैतिक दायित्व था। उनके व्यक्तित्व में एक शिक्षक की सरलता, एक चिंतक की गहराई और एक मार्गदर्शक की संवेदनशीलता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि एक सच्चा शिक्षक केवल जानकारी का स्रोत नहीं होता, बल्कि वह छात्रों के भीतर विचारों की आग जलाने वाला होता है। उनका मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य उत्तर देना नहीं, बल्कि प्रश्न पूछने की क्षमता विकसित करना है। यही कारण था कि उनके संपर्क में आने वाले विद्यार्थी केवल परीक्षाओं में सफल नहीं होते थे, बल्कि जीवन के जटिल प्रश्नों का सामना करने के लिए भी तैयार होते थे।

डॉ. गर्ग का प्रारंभिक जीवन साधारण परिस्थितियों में बीता, लेकिन उनकी सोच असाधारण थी। ऐसे परिवेश में उनका पालन-पोषण हुआ जहाँ शिक्षा को सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी के रूप में देखा जाता था। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी लगन और समर्पण के साथ प्राप्त की और अंततः डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की। लेकिन इस उपलब्धि को उन्होंने कभी अपने व्यक्तित्व का केंद्र नहीं बनाया। उनके लिए यह केवल एक पड़ाव था, न कि अंतिम लक्ष्य।

उनकी यही विनम्रता और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। वे मानते थे कि ज्ञान कभी पूर्ण नहीं होता और एक शिक्षक को जीवन भर विद्यार्थी बने रहना चाहिए। जब उन्होंने प्रिंसिपल का पद संभाला, तब वे इस विचार को अपने साथ लेकर आए कि किसी भी संस्था का प्रमुख सबसे पहले एक समर्पित शिक्षार्थी होना चाहिए।

यह सोच उनके पूरे प्रशासनिक कार्यकाल में स्पष्ट रूप से दिखाई देती रही।

वे सुबह सबसे पहले स्कूल पहुँचते और देर तक वहीं रहते। उनके लिए यह केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि एक साधना थी। वे विद्यालय के हर कोने को समझते थे-कक्षाओं की गतिविधियाँ, शिक्षकों की समस्याएँ, और छात्रों की जरूरतें। वे समस्याओं को आदेश देकर नहीं, बल्कि समझकर और सुलझाकर आगे बढ़ते थे। उनकी प्रशासनिक शैली में कठोरता नहीं, बल्कि संवेदनशीलता थी; दूरी नहीं, बल्कि संवाद था।

उन्होंने शिक्षकों को कभी अधीनस्थ नहीं माना, बल्कि सहयोगी के रूप में देखा। छात्रों को उन्होंने कभी केवल रोल नंबर या परिणाम के रूप में नहीं आँका, बल्कि उन्हें एक संपूर्ण व्यक्तित्व के रूप में विकसित करने का प्रयास किया। उनके लिए किसी भी संस्था की सफलता का मापदंड परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि वहाँ से निकलने वाले छात्रों का चरित्र और सोच थी।

डॉ. गर्ग के बारे में उनके सहकर्मी और विद्यार्थी अक्सर यह बताते हैं कि वे वर्षों बाद भी अपने छात्रों को नाम से पहचान लेते थे। यह केवल स्मरण शक्ति का प्रश्न नहीं था, बल्कि यह उस गहरे जुड़ाव का संकेत था जो उन्होंने अपने विद्यार्थियों के साथ बनाया। वे हर छात्र में एक संभावना देखते थे, और उस संभावना को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास करते थे।

कई बार वे चुपचाप ऐसे छात्रों की मदद करते थे जो किसी कारणवश पीछे छूट रहे होते थे। कभी एक सलाह देकर, कभी एक अवसर देकर, उन्होंने अनेक जीवनों को दिशा दी। उनके लिए शिक्षा का अर्थ केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि हर उस हाथ को थामना था जो गिरने के कगार पर हो।

समय के साथ जब उनका औपचारिक कार्यकाल समाप्त हुआ, तो उन्होंने सेवानिवृत्ति को विश्राम का माध्यम नहीं बनाया। उनके लिए यह केवल कार्य करने के तरीके का परिवर्तन था। उन्होंने प्रशासनिक जिम्मेदारियों से स्वयं को अलग किया, लेकिन विचारों और चिंतन की दुनिया से कभी दूरी नहीं बनाई।

आज वे लेखन के माध्यम से शिक्षा और समाज के मुद्दों पर अपनी बात रखते हैं। उनके लेखों में अनुभव की गहराई और विचारों की स्पष्टता साफ झलकती है। वे शिक्षा नीति, युवाओं की चुनौतियों, और मूल्यों की गिरावट जैसे विषयों पर लिखते हैं, लेकिन उनका दृष्टिकोण हमेशा संतुलित और व्यावहारिक होता है। वे केवल समस्याओं की ओर संकेत नहीं करते, बल्कि उनके समाधान की दिशा भी सुझाते हैं।

उनका लेखन किसी उपदेश की तरह नहीं, बल्कि एक संवाद की तरह प्रतीत होता है। पाठकों को ऐसा लगता है जैसे वे किसी ऐसे व्यक्ति से बात कर रहे हों जिसने जीवन को करीब से देखा है, उसकी जटिलताओं को समझा है और फिर भी आशा को नहीं छोड़ा है।

डॉ. गर्ग का प्रभाव केवल उनके संस्थानों तक सीमित नहीं रहा। उनके विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहे हैं-कोई डॉक्टर है, कोई इंजीनियर, कोई शिक्षक, तो कोई प्रशासनिक अधिकारी। लेकिन उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह नहीं है कि उनके छात्र सफल हुए, बल्कि यह है कि वे संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बने।

एक शिक्षक की असली विरासत यही होती है कि उसके छात्र उसके मूल्यों को आगे लेकर जाएँ। डॉ. गर्ग ने यही किया। उन्होंने केवल करियर नहीं बनाए, बल्कि चरित्र गढ़े।

उनका निजी जीवन भी उतना ही संतुलित और अनुशासित है जितना उनका पेशेवर जीवन रहा। वे एक नियमित पाठक हैं और इतिहास तथा दर्शन में विशेष रुचि रखते हैं। वे प्रतिदिन टहलते हैं, जो उनके लिए केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक चिंतन का समय होता है।

अपने परिवार के साथ उनका जुड़ाव गहरा है। विशेषकर अपने पोते-पोतियों के साथ उनका व्यवहार यह दशार्ता है कि उनके भीतर का शिक्षक आज भी जीवित है। उनमें वही धैर्य, वही स्नेह और वही जिज्ञासा दिखाई देती है जो उन्होंने अपने छात्रों के साथ साझा की थी।

आज के समय में, जब शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और मूल्यों की जगह प्रतिस्पर्धा ने ले ली है, तब डॉ. विजय गर्ग जैसे व्यक्तित्व हमें यह याद दिलाते हैं कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य क्या है। वे हमें यह सिखाते हैं कि एक शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाला नहीं होता, बल्कि वह समाज का निमार्ता होता है।

भारत ने अनेक शिक्षाविद और प्रशासक देखे हैं, लेकिन ऐसे शिक्षक बहुत कम हुए हैं जिन्होंने शिक्षा की परिभाषा को ही बदल दिया। डॉ. विजय गर्ग उन्हीं विरले लोगों में से एक हैं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि सच्ची शिक्षा वह है जो व्यक्ति को केवल सफल नहीं, बल्कि सार्थक बनाती है।

और शायद यही कारण है कि उनके द्वारा शुरू की गई वह 'शांत क्रांति' आज भी जारी है-हर उस छात्र के माध्यम से, जिसने उनसे कुछ सीखा, और हर उस विचार के माध्यम से, जिसे उन्होंने जगाया।

# दुख-विनिमय केंद्र



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा
लेखक

चंदनपुर गांव के महान रणनीतिकार 'झपटल बाबू' ने जब इस बार प्रधानी का पर्चा भरा, तो उन्होंने विकास के सारे पुराने मापदंडों को खूँटी पर टांग दिया। उनका चुनावी मुद्दा था-'ग्लोबल वॉर्मिंग का ग्रामीण समाधान'।

झपटल बाबू का तर्क था कि गांव की असली समस्या सड़क या पानी नहीं, बल्कि 'इमोशनल ओवरलोड' है। उन्होंने घोषणा की कि जीतते ही वे गांव में एक 'दुख-विनिमय केंद्र' खोलेंगे, जहाँ ग्रामीण अपने व्यक्तिगत दुख (जैसे पत्नी का झगड़ा या भैंस का दूध न देना) जमा करके उसके बदले सरकारी 'सुख-कूपन' प्राप्त कर सकेंगे।

उनका दावा था कि वे गांव के सामूहिक रुदन को पाइपलाइन के जरिए शहर भेजेंगे, जहाँ अमीर लोग इसे 'नेचुरल डिप्रेशन थेरेपी' के नाम पर खरीदेंगे और उस पैसे से गांव में एयर-कंडीशन्ड खलिहान बनवाए जाएंगे।

गांव के लोग, जो अब तक अपने दुखों को मुफ्त में झेल रहे थे, अचानक इस 'आँसुओं के बिजनेस प्लान' को सुनकर विकास के नशे में झूम उठे।

प्रचार के अंतिम दौर में झपटल बाबू ने गांव के मुख्य चौराहे पर एक 'दुख-मापक यंत्र' स्थापित किया। यह वास्तव में एक पुराना खराब हो चुका तराजू था, जिसे उन्होंने बिजली के रंगीन तारों से लपेट दिया था।

उन्होंने गांव वालों को पट्टी पढ़ाई कि जो भी व्यक्ति उन्हें वोट देने का संकल्प लेकर इस तराजू के एक पलड़े पर हाथ रखेगा, उसका आधा मानसिक बोझ तुरंत 'डिजिटल क्लाउड' में ट्रांसफर हो जाएगा। विपक्षी उम्मीदवार 'बुधई राम' परेशान थे; वे खाद और बीज की सब्सिडी की बात कर रहे थे, जबकि जनता को अपने पुराने दुखों से मुक्ति का शॉर्टकट दिख रहा था।

झपटल बाबू ने एक लड़के को ढोल के साथ खड़ा कर दिया था, जो हर व्यक्ति के 'दुख मापने' के बाद जोर से चिल्लाता था- 'बधाई हो, आपका दुख अब सरकारी संपत्ति है!' जनता को लगा कि अब रोने के भी दिन फिर गए हैं और वे अपनी झोली भरकर झपटल बाबू की जय-जयकार करने लगे।

जिस दिन चुनाव का परिणाम आया और झपटल बाबू की ऐतिहासिक जीत हुई, पूरा गांव अपने 'सुख-कूपन' लेने के लिए उनके दफ्तर पर उमड़ पड़ा। झपटल बाबू ने एक बड़ा सा संदूक खोला और उसमें से छोटे-छोटे प्याज के टुकड़े सबको बांटना शुरू कर दिया।

जनता हक्की-बक्की रह गई, 'हुजूर, यह क्या है? हमें तो सुख चाहिए था!' झपटल बाबू ने अपनी सुनहरी ऐनक ठीक की और कड़क आवाज में बोले- 'मूर्खों! सुख तो एक मानसिक भ्रम है।

असली सुख तो इन प्याजों में है; इन्हें आंखों के पास ले जाओ और जी भर कर रोओ। जितना ज्यादा रोओगे, मेरा 'दुख-निर्यात' का धंधा उतना ही फलेगा-फूलेगा। और रही बात कूपन की, तो वह 'वोट' ही था जो आपने मुझे दे दिया और उसके बदले मैंने अपना 'सुख' सुनिश्चित कर लिया।'

जनता सन्न खड़ी अपनी आंखों से निकलते असली आँसुओं को देख रही थी, जबकि झपटल बाबू अपनी नई एसयूवी का सायरन बजाते हुए 'इमोशनल एक्सपोर्ट' का नया टेंडर पास कराने शहर रवाना हो गए।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हुआ 'सम्पूर्ण ब्रम्हांड में विज्ञान सम्मत विधियों से उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति' विषय पर व्याख्यान

## मुख्य अतिथि डॉक्टर श्रीधर द्विवेदी ने छात्रों को दिए स्वस्थ रहने के कई सूत्र

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी





**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** लाजपत नगर की शहीद हेमू कॉलोनी के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर ह्यसम्पूर्ण ब्रम्हांड में विज्ञान सम्मत विधियों से उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्तिह्न विषय पर प्रधानाचार्य एन के शर्मा के संयोजन में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम प्रधानाचार्य महोदय ने इस दिवस की महत्ता बताते हुये उन्हें यह बताया की अच्छी सेहत एक ऐसी सौगात है,जिसे आप खरीद नहीं सकते केवल अपनी अच्छी जीवन शैली से अर्जित कर सकते है।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट , नई दिल्ली के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रीधर द्विवेदी ने छात्रों को पावर प्वाइंट के माध्यम से स्वस्थ रहने के कई सूत्र बताते हुए कहा कि 1. उचित खानपान / नैसर्गिक वानस्पतिक भोजन /सात्विक, 2. सैर -व्यायाम, 3. योग और ध्यान , 4. न तम्बाकू न धूम्रपान, 5. जल्दी सोना,6. जल्दी जगना , 7. न जंक 8 . न क्रोध, 9. न मोबाईल का अतिशय प्रयोग ।व्यक्तिगत स्तर पर इन कार्यों के अतिरिक्त हमें सामाजिक स्तर पर भी कुछ कार्य करने चाहिए ,जिसे छात्रों को सचित्र उदाहरणों के साथ बताया। अपने प्राचीन ग्रंथों जैसे शुक्ल यजुर्वेद ,गरुण पुराण, रामायण का उद्धरण देते हुये (ॐ द्यौः शान्तिरन्तरिक्षं शान्तिः,पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः।

वनस्पतयः शान्तिर्विश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः,सर्वं शान्तिः, शान्तिरेव शान्तिः, सा मा शान्तिरेधि॥ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥; ब्रह्मा मुरारी -त्रिपुरान्तकारी ,भानुः शशिः भूमिसुतो बुधश्च गुरुश्च शुक्रः शनि-राहु-केतवः सर्वे ग्रहाः कुरु मम सुप्रभातम ।; सर्वे भद्राणु पश्यन्तु, सर्वे संतु निरामयाःह्न विश्व शांति ,मानव स्वास्थ्य ,पर्यावरण स्वच्छता के विषय में बताया और उनका आधुनिक चिकित्सा के मूलभूत सिद्धांतों से समन्वय करते हुये उन्हें अपने प्राचीन ज्ञान से परिचित कराया। अपने आस पास स्वच्छता , वृक्षों ( खासकर औषधीय वृक्ष जैसे अर्जुन , पीपल / अक्षस्थ , आमला आदि ), नदियों ,सरोवरों , बाग बगीचों का सरंक्षण , सड़क पर पालनीय नियम जैसे कुछ खाकर -चबाकर थूकने की आदत से परहेज , ध्वनि प्रदूषण ,प्रकाश प्रदूषण न करने के विषय में बताया । व्याख्यान के अंत में अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन द्वारा अनुमोदित जीवन के आठ आवश्यक परीक्षण / जरूरतों जैसे ( छ्री प्रेस्त्र'ी प्ऍ३ ) शाकाहार ,व्यायाम , धूम्रपान निषेध , वजन की जांच , शुगर की जांच , बी पी की जांच , कोलेस्टेरॉल की जांच और अच्छी नींद के विषय में बताकर व्याख्यान का समापन किया ।

पूरे कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता रही कुछ प्रश्न जो विद्यार्थियों ने पूछे ।एक दृष्टिह्नदिव्यांग छात्र ने पूछा की जब शासन को पता है की अमुक वस्तु ( धूम्रपान /तंबाकू ) स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है तो उसे पूर्णतः प्रतिबंधित क्यों नहीं करती । उसका दूसरा प्रश्न और भी महत्वपूर्ण था । वह था आजकल युवकों में जिम संस्कृति और जिम प्रोटीन के विषय में अतिशय लगाव। डॉ. श्रीधर द्विवेदी ने तीन उदाहरण देकर जिम संस्कृति और जिम प्रोटीनके विषय में यथार्थ बताया और कहा किशोर छात्रों के लिए खुले खेल के मैदान , बाग -बगीचे में सैर और व्यायाम जिम जाने कहीं अधिक लाभदायक है । कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य महोदय ने डॉ. श्रीधर द्विवेदी और उनके साथ उपस्थित सुश्री दोनी का सम्मान हरित -पौध , शाल तथा स्नेह भेंट से किया।

# बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया - नरेंद्र गौतम



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**लखनऊ।** बसंतपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। यह बैठक आंट गढ़ी के सेक्टर अध्यक्ष प्रकाश चंद्र गौतम व युवा नेता नरेंद्र कुमार गौतम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली जयंती के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए बसपा युवा नेता नरेंद्र कुमार गौतम ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से देश को समानता और न्याय का मार्ग दिखाया है। उन्होंने जोर दिया कि हम सभी को उनकी जयंती को एक संकल्प दिवस के रूप में मनाना चाहिए और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए।नरेंद्र ने आगे कहा कि 14 अप्रैल का दिन देश के लिए गौरव का दिन है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सभी मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं और समाज में बाबा साहब के विचारों को मजबूती से स्थापित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कार्यक्रम समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य करेगा।बैठक में कार्यक्रम की तैयारी, गोष्ठी और अन्य आयोजनों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी कार्यकताओं को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस दौरान अतुल पाल, अजय, गुड्डू, मूलचंद, दयाराम, फकीरे लाल, सहित दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश, अंडरपास की मांग

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** ग्राम टांडा विजैसी के कृषकों के प्रतिनिधिमंडल ने मझोला स्थित जनसहयोग कार्यालय पहुंचकर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल से भेंट कर रेलवे क्रॉसिंग बंद किए जाने से उत्पन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि क्रॉसिंग बंद होने से सैकड़ों लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्ग से महज 50 मीटर की दूरी होने के बावजूद अब लोगों को करीब दो किलोमीटर का चक्कर लगाकर आना-जाना पड़ रहा है। इसका सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों और आपात स्थिति में अस्पताल जाने वाले मरीजों पर पड़ रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि सड़क के दूसरी ओर स्थित गुरुद्वारे तक रोजाना जाने में महिलाओं और बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए उक्त रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास निर्माण की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि यह मार्ग पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत भरतपुर, गुलड़िया और न्यूरिया कॉलोनी सहित दर्जनों गांवों को जोड़ता है।

जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री एवं सांसद जितिन प्रसाद को अवगत कराया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही कराई जाएगी। वहीं, सांसद जितिन प्रसाद ने भी प्रकरण पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए समाधान का भरोसा दिया है। प्रतिनिधिमंडल में बलविंदर सिंह, अनमोल सिंह, राजेंद्र पाल सिंह, हुजूर सिंह, प्रतिपाल सिंह और रिंकू सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।

# यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर मे सर्वाधिक अंक प्राप्त कर जल हाउस सत्र 2025- 26 का बना विजेता



नितिन शर्मा

**बिजनौर(वेलकम इंडिया)।** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में सत्र 2025-26 के हाउस समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने सभी हाउस की वार्षिक गतिविधियों के प्रदर्शन के आधार पर हाउस इंचार्ज, कैप्टन व सभी सदस्यों को सर्वप्रथम बधाई दी। पर किसी भी प्रतियोगिता में विजेता तो एक ही टीम होती है इसलिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर जल हाउस ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करके जीत हासिल की और 2025- 26 का बेस्ट हाउस विजेता चुना गया। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने विजेता हाउस जिसके इंचार्ज रेनू चौधरी, कैप्टन तृप्ति चौधरी, मयूर अडवाल और सभी सदस्यों को मेडल, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों और सदस्यों का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने सभी विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा की सकारात्मक भावना अपनाने, ईर्ष्या से दूर रहने की सलाह दी तथा प्रतिदिन अध्ययन के साथ खेल एवं विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

# कटाई से पहले तबाही की मार: यूनुस खां सहित कई लोगो की पूरी फसले चौपट

लुकमान खान



**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** क्षेत्र में हाल ही में हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी है। ग्राम गोरा निवासी किसान यूनुस खां ने बताया कि उनकी करीब 5 एकड़ में बोई गई गेहूं की फसल पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। फसल कटाई के करीब थी, लेकिन अचानक बदले मौसम ने उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया।किसान यूनुस खां के अनुसार, बारिश के साथ गिरे ओलों ने गेहूं की बालियों को जमीन पर गिरा दिया, जिससे दाने खराब हो गए हैं और उत्पादन पर भारी असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि इस फसल से उन्हें अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, जिससे परिवार का खर्च और अन्य जरूरी जरूरतें पूरी होनी थीं, लेकिन अब स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। क्षेत्र के अन्य किसानों का भी यही हाल है। कई किसानों की फसलें खेतों में ही बिछ गई हैं, जिससे नुकसान का आंकलन करना मुश्किल हो रहा है। किसानों का कहना है कि अगर जल्द ही प्रशासन द्वारा सर्वे कराकर मुआवजा नहीं दिया गया, तो उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का शीघ्र सर्वे कराया जाए और वास्तविक नुकसान के आधार पर उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से राहत के लिए ठोस योजना बनाने की भी आवश्यकता जताई है।फिलहाल किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं और सरकार से राहत की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि उनके नुकसान की भरपाई हो सके और वे फिर से खेती के लिए तैयार हो सकें।

# धनाराघाट शारदा नदी पेंटून पुल मार्ग खराब, मुंशी बबलू माझी ने लोगों से न आने की अपील



लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत के धनाराघाट शारदा नदी पेंटून पुल पर तैनात मुंशी बबलू माझी ने गुरुवार सुबह सात बजे वीडियो जारी कर लोगों से पेंटून पुल मार्ग पर न आने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि लगातार बारिश के कारण कच्चा रास्ता खराब हो गया है और कई स्थानों पर कीचड़ तथा पानी भर गया है। मुंशी बबलू माझी ने बताया कि खराब रास्ते के चलते कई वाहन बीच मार्ग में फंस गए, जिन्हें ट्रैक्टर की मदद से बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मार्ग सुरक्षित नहीं है और किसी भी समय वाहन फंसने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि फिलहाल इस मार्ग का प्रयोग न करें और स्थिति सामान्य होने तक वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करें।

# होटल व वैंकट हॉल संचालकों को जागरुक कर रहा निगम

## स्वच्छता मिशन आईईसी के अंतर्गत वार्डों में भी चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

वेलकम इंडिया ब्यूरो





**सहारनपुर।** नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी और आईटीसी मिशन सुनहरा कल फोर्स के वालंटियर्स अब होटल व वैंकट हाल संचालकों को स्वच्छता के सम्बंध में समझाते हुए जागरुक कर रहे है कि गीला-सूखा कूड़ा अलग-अलग करते हुए उसे कैसे खाद के रुप में कन्वर्ट किया जा सकता है तथा अधिक कचरा उत्पन्न होने से किस तरह रोका जा सकता है। इसके अतिरिक्त एक अभियान के तहत घर-घर जाकर भी लोगों के स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा रहा है।स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आईईसी( सूचना एवं संचार संचार ) गतिविधियों के नोडल प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा के नेतृत्व में आज स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर निगम द्वारा आईटीसी मिशन सुनहरा कल से सम्बद्ध फोर्स एनजीओ के सहयोग से वार्ड संख्या 07 में एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें अम्बाला रोड स्थित होटल राजमहल व रॉयल रेजिडेंसी के प्रबंधकों एवं जाटव नगर के लोग शामिल रहे। बैठक में बीडब्लूजी (बल्क वेस्ट जनरेटर) कूड़ा जनरेट के संबंध में चर्चा करते हुए होटल में कार्यरत सभी कर्मचारियों को बीडब्लूजी के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें स्वच्छता मानकों के पालन हेतु जागरूक किया गया।इसी कड़ी में वार्ड संख्या 42 एवं वार्ड संख्या 08 में डोर-टू-डोर जाकर स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में भी जानकारी दी गई।वार्ड 42 के सभी वेस्ट पिकर्स( घरों से कूड़ा एकत्रित करने वाले ) के साथ भी बैठक कर स्वच्छ सर्वेक्षण के विषय में मुख्य बिंदुओं पर बात करते हुए उन्हें भी जागरुक किया गया। उक्त बैठकों को सम्बोधित करते हुए आईईसी गतिविधियों के नोडल प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी संसाधनों के भरोसे नहीं रखी जा सकती, इसके लिए प्रत्येक नागरिक को जागरुक होकर अपने परिवार व बच्चों को भी स्वच्छता के प्रति संस्कारित और शिक्षित करना होगा।

# नगर में सील से खुलने तक: बिना डॉक्टर चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर कार्रवाई सवालों के घेरे में



लुकमान खान

**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** नगर में बिना डॉक्टर संचालित हो रहे दो अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई अब खुद सवालों के घेरे में आ गई है। मंगलवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनीष राज शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की टीम और नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित की मौजूदगी में छापेमारी की थी।इस दौरान बालाजी अल्ट्रासाउंड सेंटर और उत्तम अल्ट्रासाउंड सेंटर पर डॉक्टर अनुपस्थित मिले, जबकि टेक्नीशियन मरीजों का अल्ट्रासाउंड करते पाए गए। गंभीर लापरवाही मानते हुए दोनों सेंटरों को मौके पर ही सील कर नोटिस जारी कर दिया गया था। लेकिन कार्रवाई के कुछ घंटों के बाद ही उनको पुनः खोल दिया गया। गुरुवार सुबह 11 बजे सीएचसी अधीक्षक ने जानकारी दी कि सीएमओ के निर्देश पर दोनों सेंटरों को दोबारा खोल दिया गया है। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब बिना डॉक्टर सेंटर संचालित हो रहे थे और सील की कार्रवाई की गई, तो आखिर किस आधार पर इन्हें फिर से खोल दिया गया। नगर में लगातार बढ़ते अल्ट्रासाउंड सेंटरों और कार्रवाई के बाद तुरंत राहत मिलने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामला अब नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय साधारण सभा की बैठक संपन्न

वेलकम इंडिया ब्यूरो




**लखनऊ।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय साधारण सभा की त्रिदिवसीय बैठक तीन, चार व पांच अप्रैल 2026 को शांतिकुंज हरिद्वार उत्तराखंड में राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण भाई शाह की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय सचिव जयंत कथीरिया की देखरेख में संपन्न हुई जिसमें देश की 36 प्रांतों से 276 प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि गायत्री परिवार शांतिकुंज के प्रमुख व्यवस्थापक योगेंद्र योगेंद्र गिरीजी ने कहा कि ग्राहक पंचायत का कार्य आर्थिक क्षेत्र में है और गायत्री परिवार का कार्य वैश्विक स्तर पर आध्यात्मिक स्तर पर है। ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ता निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य कर रहे हैं, यह हर्ष का विषय है। साधारण सभा में संगठन के अलग-अलग विषय चिंतन के साथ वर्तमान सामाजिक और आर्थिक स्थिति को लेकर तीन प्रस्ताव पर चर्चा हुई एवं उन पर निर्भर निर्णय लिया गया। पहला बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंधित करने वाला कानून सरकार शीघ्र अति शीघ्र बनाए। दूसरा शोषण मुक्त एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा सस्ती व सुलभ बनाए और तीसरा ऊर्जा के संकट के समय ग्राहक सरकार के साथ है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांतीय अध्यक्ष यशपाल सिंह ने बातचीत में बताया की अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ग्राहकों के हितों को लेकर समय-समय पर ग्राहकों को जागरूक करती रहती है।

# सुंदर नगर बूंदीभूड़ में चलाया जन जागरूकता अभियान नए सदस्यों ने ली सदस्यता

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत जनपद के विकास खण्ड पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम सुंदर नगर व बूंदीभूड़ चौदह नंबर में सामाजिक संगठन जन कल्याण सुरक्षा संघ के तत्वाधान में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह की अध्यक्षता में जन जागरूकता अभियान चलाया गया कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं एवं अन्य संस्था के माध्यम से संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि जन कल्याण सुरक्षा संघ हमेशा हैं गरीब किसान मजदूर दबाएं हुए सताये हुए एवं कमजोर वर्ग के लोगों की मदद करने का काम करता है उनकी सुरक्षा उनका कल्याण करने का काम करता है आम जनमानस को सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कल्याणकारी योजनाओं का पात्रता के आधार पर लाभ दिलाने में सहयोग प्रदान करता है।

संगठन के पदाधिकारियों द्वारा गांव-गांव नगर-नगर जनता की समस्याओं को चिन्हित कर संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा गांव की समस्या गांव में समाधान चौपाल गांव-गांव कार्यक्रमों के द्वारा तथा अधिकारियों को लिखित में देकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का कार्य किया जाता है एवं जनता को सरकारी गैर सरकारी योजना का लाभ दिलाने का काम करते है और कहा कि सामाजिक आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों एवं उनके परिवारों के लिए योजनाएं बनाकर उनको रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जाता है ।महिलाओं के लिए संस्था के माध्यम से बहुत ही जल्द रोजगार से जोड़ा जाएगा जिससे उनके परिवार का अच्छे ढंग से संचालन चल सके कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह ने कृपाल सिंह को तहसील उपाध्यक्ष से तहसील प्रभारी कलीनगर सोनम देवी प्रजापति को ग्राम उपाध्यक्ष महिला सुंदर नगर से तहसील प्रभारी महिला कलीनगर संजीव कुमार पासवान को ग्राम उपाध्यक्ष खासपुर से ग्राम अध्यक्ष खासपुर रामचंद्र राजभर को ग्राम उपाध्यक्ष से ग्राम अध्यक्ष बूंदीभूड़ ममता देवी को ब्लॉक अध्यक्ष महिला बरखेड़ा तथा पूजा देवी को ब्लॉक अध्यक्ष महिला बरखेड़ा से वरिष्ठ ब्लॉक उपाध्यक्ष महिला बरखेड़ा के पद पर मनोनयन की घोषणा की है कार्यक्रम में बूंदीभूड़ चौदह नंबर में मीटिंग में बंगाली समुदाय सहित अन्य महिलाओं में बेबी अधिकारी मीरा सरकार निरुपमा मलिना विश्वास ममता देवी ललिता विश्वास उर्मिला राजभर मीना सरकार ने संस्था की सदस्यता ग्रहण की बेवी अधिकारी ग्राम अध्यक्ष महिला बूंदीभूड़ चौदह नंबर, ममता राजभर ग्राम वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला मीना सरकार ग्राम उपाध्यक्ष महिला ललिता विश्वास ग्राम महासचिव महिला उर्मिला राजभर ग्राम संरक्षक महिला निरुपमा गोलघर ग्राम प्रभारी महिला मलिना विश्वास ग्राम सचिव महिला मीरा सरकार ग्राम संगठन मंत्री महिला बूंदीभूड़ चौदह नंबर को ग्राम कार्यकारणी के पदों पर मनोनयन की घोषणा कर उन्हें क्षेत्र में महिलाओं की टीम का विस्तार करने की जिम्मेदारी दी है ।

# डॉ वैद प्रकाश अग्रवाल को नवनियुक्त जिला चिकित्साधिकारी हापुड़ बनाए जाने पर संस्था के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में समाज सेवा के क्षेत्र में तेजी से अपनी पहचान बना रही सैफी सेवा फाउंडेशन रज़ि० आज एक ऐसी संस्था बन चुकी है, जो न केवल जरूरतमंदों की मदद कर रही है, बल्कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी कर रही है ।इस संस्था की स्थापना समाजसेवी एवं पत्रकार निजामुद्दीन सैफी के द्वारा की गई, जिनका उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना और प्रतिभाओं को पहचान दिलाना है। संस्था ने बहुत ही कम समय में अपनी अलग पहचान बनाई है।

## सम्मान की अनोखी पहल



सैफी सेवा फाउंडेशन की सबसे खास बात यह है कि यह संस्था लगातार लोगों को सम्मानित करने का कार्य कर रही है। पिछले काफी दिनों से लगातार संस्था के द्वारा हर दिन किसी न किसी व्यक्ति को सम्मानित किया जा रहा है।

यह एक ऐसी अनोखी पहल है, जो समाज में प्रेरणा का स्रोत बन रही है डॉ वेद प्रकाश का सम्मान इसी क्रम में, सैफी सेवा फाउंडेशन द्वारा संस्था की ओर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वेद प्रकाश अग्रवाल को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डॉ अनीश सैफी ने कहा:'सैफी समाज की कई संस्थाएं काम कर रही हैं, लेकिन जिस प्रकार सैफी सेवा फाउंडेशन लगातार लोगों को सम्मानित कर रही है, वैसा कार्य कोई अन्य संस्था नहीं कर रही।

पिछले काफी दिनों से मैं देख रहा हूं कि कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब किसी को सम्मानित न किया जाए। यह एक सराहनीय पहल है और हम इस संस्था के साथ हैं।

डॉ वेद प्रकाश अग्रवाल ने कहा इस संस्था के सभी सदस्यों का एक उद्देश्य ही है – समाज में सेवा, एकता और सम्मान की भावना को मजबूत करना ।भविष्य की दिशा सैफी सेवा फाउंडेशन रज़ि० का लक्ष्य आने वाले समय में और अधिक लोगों तक पहुंच बनाना, समाज के हर वर्ग को जोड़ना और सेवा कार्यों को और विस्तार देना है संस्था का लक्ष्य हैं शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में भी नए कदम उठाने की तैयारी कर रही है।

निष्कर्ष सैफी सेवा फाउंडेशन रज़ि० आज सिर्फ एक संस्था नहीं, बल्कि एक आंदोलन बन चुकी है, जो समाज में सकारात्मक सोच और सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ा रही है। यह संस्था आने वाले समय में और भी बड़ी ऊंचाइयों को छूने की क्षमता रखती है।

# डीएम कार्यालय पर किसानों की समस्याओं को लेकर आपात बैठक, एडीएम ने दिया त्वरित कार्रवाई का आश्वासन

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जिला अधिकारी कार्यालय परिसर में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर युवा प्रदेश अध्यक्ष (पश्चिम उत्तर प्रदेश) एकलव्य सिंह सहारा के नेतृत्व में एक आपातकालीन बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान बड़ी संख्या में किसान एकत्रित हुए और अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं ।किसानों का जमावड़ा बढ़ता देख एडीएम संदीप सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे और उपस्थित किसानों से सीधा संवाद किया। उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि धौलाना क्षेत्र के सभी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ।एडीएम संदीप सिंह ने स्पष्ट कहा कि कानून सभी के लिए समान है और किसी भी प्रकार का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का निष्पक्ष और त्वरित समाधान किया जाएगा। बैठक में प्रदेश सचिव उदयवीर सिंह, युवा प्रदेश कोऑर्डिनेटर फरहीम तोमर, मंडल महासचिव भवेंद्र शिशोदिया, मंडल सचिव ललित चौधरी, युवा जिला उपाध्यक्ष मनेंद्र मसंद, जिला सचिव शेखर चौधरी, विनोद धारीवाल, शाहरुख प्रधान, पपेंद्र चौधरी, रिंकू प्रधान, सुनील टाइगर, अखिल चौधरी, भानु सिद्धू, उज्वल सिरोही, आकाश चौधरी, मुनेश पाल, वकील मलिक, हनी जाटव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन ने किया धरना प्रदर्शन गांव डहाना में ठेकेदार के द्वारा घटिया सामग्री लगाने का आरोप



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के हापुड़ ब्लॉक के गांव डहाना में जुगल किशोर के मकान से लेकर शमशान घाट तक इंटरलॉकिंग रास्ता बनवाया जा रहा है जिसके दोनों साइड की दीवाल बनवाई जा रही है उसमें सीमेंट की जगह रेत से बनाई जा रही है जिसमें लगाई जा रही ईंटें बहुत घटिया क्वालिटी की है ।

इसकी उच्च स्तर जांच कर निर्माण कार्य को सही कराया जाए जिससे गांव में शांति विकास बना रहे जो भी अधिकारी इसमें लिप्त है उनके खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। मेरठ मण्डल महासचिव भवेंद्र शिशोदिया ने कहा कि सामग्री सही नहीं लगाई गई तो जिलाधिकारी के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगी। भारतीय किसान यूनियन ।मौके पर मौजूद रहे अंकुर राणा जगदीश सिंह संजीव कुमार विमल कुमार,अशोक कुमार पप्पू राणा कपिल राणा,सुभाष प्रजापति,आस मोहम्मद कलुआ मुनेरी, यूनुस खान,विनय कुमार नरेश राणा,अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

# मुक्त भारत अभियान के तहत आगरा में नशा उन्मूलन सेमिनार हुआ आयोजित, युवाओं को जागरूक रहने का दिया गया संदेश

मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के छात्र कल्याण विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सेठ पदमचंद प्रबंध संस्थान, आगरा में नशा उन्मूलन विषयक एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर भूपेन्द्र स्वरूप शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।



कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय की एनएसएस समन्वयक डॉ. पूनम तिवारी द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सह-अधिष्ठाता डॉ. रुचिरा प्रसाद द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता मद निषेध विभाग के विमल साहू ने नशा मुक्ति की व्यापक व्याख्या करते हुए कहा कि 'नशा केवल मादक पदार्थों तक सीमित नहीं है, बल्कि आज के दौर में इंटरनेट एवं मोबाइल का अत्यधिक उपयोग भी एक प्रकार का नशा बनता जा रहा है, जो युवाओं के मानसिक, सामाजिक एवं व्यवहारिक जीवन पर गहरा प्रभाव डाल रहा है।' उन्होंने नशा मुक्ति के लिए उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि एडिक्शन सेंटर की हेल्पलाइन संख्या 14446 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

विशिष्ट वक्ता हरिपर्वत थाना, आगरा की निरीक्षक सु वैषाली चौधरी ने अपने संबोधन में नशे के सामाजिक एवं कानूनी दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'अधिकांश मामलों में परिवारों के विघटन का प्रमुख कारण नशा होता है। इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटनाओं में भी नशा एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में सामने आता है।'

उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने तथा कानून के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम के प्रश्नोत्तर सत्र में मोइन संदली, अनुराग सहित अन्य विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। आयोजन में शिवम सारस्वत, अमन सिकरवार, कुर्बान एवं उत्कर्ष ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर निशांत चौहान, डॉ. के. के. पचौरी, डॉ. प्रवीण कुमार, अर्पिता दूबे एवं श्वेता गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भुडरसू गांव की सरदारी ने किया सपा नेता महेश चन्द शर्मा गोल्डी भैया का भव्य स्वागत



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** गोवर्धन विधानसभा 83 थाना रिफाइनरी के गांव भुडरसू में गुरुवार की सुबह समाजवादी पार्टी के नेता महेश चन्द शर्मा उर्फ गोल्डी भैया जनसंपर्क अभियान के तहत गांव में पहुंचे। जहा गांव के सरदारी ने उनका स्वाफा बांधकर स्वागत सम्मान किया। सरदारी ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की नीतियों पर अपना समर्थन प्रदान किया और आगामी चुनाव में पूर्ण सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया। अपने संबोधन में महेश चंद शर्मा उर्फ गोल्डी भैया ने समाजवादी पार्टी की रीति नीति एवं जनहितकारी विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रमुख रूप से फूल प्रधान, पप्पू ठाकुर, गोपाल दास महाराज, तारा, पदम सिंह, राधे श्याम, राहुल पंडित, मनोज ठाकुर, सहित तमाम गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण सरोवर में जहरीला केमिकल मिलने से हड़कंप

## हजारों मछलियों की मौत, ग्रामीणों ने जताया भारी रोष

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** वंशी अवतार श्रीहित हरिवंश चन्द्र महाप्रभु की पावन जन्मभूमि, बाद ग्राम स्थित श्रीकृष्ण सरोवर इन दिनों पर्यावरण प्रदूषण की मार झेल रही है। पिछले कई दिनों से बारिश के पानी के साथ बहकर आए काले केमिकल और दूषित तेल ने सरोवर के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है। इस जहरीले पानी के कारण सरोवर में मौजूद हजारों मछलियों की तड़प-तड़प कर मौत हो गई है, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश व्याप्त है। सरोवर की बदहाली और जलीय जीवों की सामूहिक मृत्यु से आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मथुरा रिफाइनरी प्रबंधन और स्थानीय सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला जा रहा है,



जिससे उनकी धार्मिक आस्था और पर्यावरण दोनों को ठेस पहुँच रही है। अडींग वाली नहर से बारिश का पानी खेतों के रास्ते होता हुआ बाद ग्राम के श्रीकृष्ण सरोवर में आता है। बारिश के मौसम में मथुरा रिफाइनरी के प्लांट से निकलने वाला काला तेल और केमिकल भी इसी पानी के साथ बहकर सरोवर में मिल जाता है। पिछले कई दिनों से लगातार आ रहे इस केमिकल के कारण सरोवर का पानी पूरी तरह काला और प्रदूषित हो चुका है। सरोवर के तट पर मरी हुई मछलियों के अंबार को देख ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द सरोवर की सफाई नहीं कराई गई और दूषित पानी का आना नहीं रोका गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बाद ग्राम निवासी दिनेश सिंह तरकर ने कहा कि रिफाइनरी प्रबंधन और जिला प्रशासन इसकी जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत जल शोधन की व्यवस्था करे, ताकि लगातार हो रही जलीय जीवों की मौत को रोका जा सके और नहर से आ रहे जल की निकासी का मार्ग अलग से किया जाए।

# रूदौली पुलिस ने क्वार्टर रौजागांव में चलाया जागरूकता अभियान, मिशन शक्ति फेज 5 के तहत छात्राओं को दी अहम जानकारी



फतेह खान

**शुजागंज अयोध्या(वेलकम इंडिया)।** कोतवाली रूदौली पुलिस ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रौजागांव के प्रांगण में पहुंच मिशन शक्ति फेज 5 द्वितीय चरण के तहत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया। बताते चलें कि कोतवाली रूदौली में तैनात उ0नि0 पल्लवी श्रीवास्तव, उ0नि0 गजेंद्र त्रिपाठी, म0का0 शबनम, का0 राहुल गौतम तथा का0 जोगेंद्र यादव द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत क्वार्टर रौजागांव की छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे वूमेन पावरलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन - 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन - 1076, महिला हेल्पलाइन - 181, स्वास्थ सेवा - 102, एम्बुलेंस सेवा - 108, पुलिस आपातकालीन सेवा - 112, व सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं सुकन्या योजना, सुमंगला योजना, वृद्धावस्था पेंशन आदि के विषय में बताया गया एवं वर्तमान समय में चल रहे साईबर अपराध, जनधन खातों के दुरुपयोग, डिजिटल अरेस्ट आदि के विषय में जागरूक किया गया तथा साइबर बुलींग से सम्बन्धित 1090 की वीडियो का प्रसारण कर सभी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।

# भाजपा सांसद साक्षी के अमर्यादित बयान के खिलाफ ब्राह्मणों में आक्रोश, पुतला फूंकने का लिया निर्णय



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** सांसद सच्चिदानंद साक्षी के द्वारा ब्राह्मणों के प्रति अपमानजनक एवं अनर्गल टिप्पणी वेद और हिन्दू शास्त्रों पर विरोधित आमर्यादित टिप्पणी करने पर अखिल भारत वार्षिय ब्राह्मण महा सभा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों ने भारी आक्रोश व्यक्त किया और साक्षी महाराज का पुतला फुकने का निर्णय किया है।

वृन्दावन प्रेम गली, बनखण्डी स्तिथ श्री अन्नपूर्णा देवी मंदिर में अखिल भारत वर्षीय ब्रह्मण महा सभा बृज प्रदेश के पदाधिकारियों की एक सयुक्त बैठक में उन्नाव से निर्वाचित भाजपा सांसद सच्चिदानंद साक्षी द्वारा भारत बर्ष के ब्राह्मणों को चोर और हत्यारे कहने पर तथा सनातन के वेद उपनिषद गीता भागवत के स्वयं को निमार्ता बताने बाले साक्षी को लोक सभा का टिकिट न देने एवं सांसदी खतम करने की मांग की है।

अपने आप को भगवान राम और कृष्ण का अनुयायी बताने बाले सांसद साक्षी अगर ब्राह्मणों से माफी नहीं मांगते है तो शीघ्र ही उनके कथन को लोक सभा और विधानसभा में ब्राह्मण सांसदों द्वारा उठाया जाएगा माफी न मांगने पर सम्पूर्ण भारत में पुतला दहन किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में बिहारी लाल वशिष्ठ, दिनेश फलाहारी महाराज,आचार्य बुद्धि प्रकाश शर्मा रसिक बिहारी शर्मा, आचार्य राम निहोर, अनिल कृष्ण शास्त्री, श्रवण कुमार मिश्र, कमलनयनंदास फलाहारी,आचार्य राजेश शास्त्री, संत रामदास महाराज जी करुणा शंकर, आचार्य राकेश, ललित पाठक,रामवाबू शर्मा, ईश्वर चंद्र रावत,दर्शनाचार्य दोहित आदि विप्र गण मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत नैनूकलां के छात्रों ने निकाली रैली



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/गोवर्धन।** जन जन की यही पुकार स्कूल चलो अबकी बार,सब पढ़ें सब बढ़ें स्कूल चलो अभियान नवीन नामांकन के अंतर्गत अनेक ओजस्वी वाणी के मध्य नैनूकलां में पंचायत स्तरीय रैली का शुभारंभ प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार एवं प्रधानाध्यापिका गीता व प्रधानाध्यापक बालकिशन ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधालय के छात्रों ने अभिवावकों के समक्ष छोटी छोटी प्रस्तुतियों से सभी का मन शिक्षा के माहौल में तब्दील कर दिया। मुकेश कुंतल शिक्षक नेता ने अभिवावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने छात्रों का अधिक से अधिक नामांकन सरकारी विद्यालयों में ही कराएं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार, प्रधानाध्यापिका गीता, प्रधानाध्यापक बालकिशन, शिक्षक नेता मुकेश कुंतल, सहायक अध्यापक गणों में विनोद कुमार,दीपक कुमार,रेखा यादव, प्रमोद कुमार, शोभा कुमारी, नीति आदि थे।

# ग्यारहवें दिन चित्रगुप्त शिवमहापुराण के समापन पर होगा छह गांवों का विशाल भंडारा

## जुल्हेंदी स्थित चित्रगुप्त पीठ पर चल रही शिवमहापुराण कथा में पहुंचे कोंग्रेस नेता प्रदीप मथुरा

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/गोवर्धन।** क्षेत्र के राधाकुंड छठीकरा मार्ग पर जुल्हेदी गांव में स्थित चित्रगुप्त पीठ पर चल रही शिवमहापुराण कथा के नौ वे दिन काफी संख्या में भक्तगण, साधु संत और राजनैतिक पार्टियों से जुड़े लोग शामिल हुए। कांग्रेस नेता मथुरा के पूर्व विधायक प्रदीप माथुर अपनी पत्नी प्रीति माथुर के साथ चित्रगुप्त पीठ पर पहुंचें। जहा दोनों के द्वारा व्यास गद्दी का पूजन किया गया और पीठ के पीठाधीश्वर डॉ सच्चिदानंद महाराज जी का आशीर्वाद लिया। शिवमहापुराण कथा



में महिला श्रद्धालु भक्तों ने भजनों पर जमकर नृत्य किया, महाराज द्वारा बताया गया कि शिवमहापुराण कथा के ग्यारह वे दिन समापन के अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें करीब आधा दर्जन गांवों को विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए निमंत्रण भिजवाया जा रहा हे।

# मदिरा/मादक द्रव्यों का सेवन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान



मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में डीसीपी ट्रैफिक आगरा के निर्देशन में आगरा ट्रैफिक पुलिस द्वारा एमजी रोड पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मदिरा/मादक द्रव्यों का सेवन कर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाना और लोगों को मदिरा/मादक द्रव्यों का सेवन कर वाहन चलाने से रोकना है। आगरा ट्रैफिक पुलिस द्वारा इस अभियान के तहत ड्रंकन ड्राइविंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

# थाना दुधारा व एसओजी की संयुक्त टीम ने अवैध असलहों के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## 01 अदद पिस्टल 32 बोर, 01 अदद पिस्टल 9 टट, 02 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 04 अदद जिंदा कारतूस बरामद

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अरविन्द शर्मा तथा जनपदीय एसओजी प्रभारी अजय सिंह की संयुक्त टीम व0उनि0 उदय शंकर द्विवेदी, उ0नि0 रामसूरत प्रसाद, हे0का0 जयचन्द्र कनौजिया, का0 रंजन राजभर, का0 भीम कुमार व प्रभारी निरीक्षक एसओजी अजय सिंह, हे0का0 विवेक राय, का0 दीपक सिंह, का0 सर्वेश सिंह, का0 अभिषेक सिंह, का0 वीर बहादुर यादव, का0 अरूण कुमार, का0 विवेक मिश्रा, का0 शिवम कुमार ने मुखबिर की सूचना पर एक बड़ी कार्यवाही करते हुए अभियुक्त कमलेश यादव पुत्र रामशब्द यादव निवासी रसीदाबाद थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ को पिपरा बोरिंग के पास से 01 अदद पिस्टल 32 बोर, 01 अदद पिस्टल 9 टट, 02 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 04 अदद जिंदा कारतूस (02 अदद 315 बोर, 01 अदद 32 बोर, 01 अदद 9 टट) के साथ कमलेश यादव पुत्र रामशब्द यादव निवासी रसीदाबाद थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़, बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना दुधारा पर मु0अ0सं0 146/2026 धारा 3/7/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किये गये अभियुक्त से पूछताछ की गयी तो बताया कि बरामद पिस्टल, तमंचे व कारतूस को नेपाल बार्डर से एक व्यक्ति से खरीद का ला रहा हूं। नाम पता पूछने पर बता रहा है उसका नाम नही जानता हूं। देखने पर पहचान सकता हूँ। मेरे घर पर दुश्मनी है इसलिए यह लेकर इसी छुपते छुपाते रास्ते से घर जा रहा था। तब तक आप लोगो ने पकड़ लिया।

### अभियुक्त कमलेश यादव का आपराधिक इतिहास

- मु0अ0स0 229/2019 धारा 341,506 भादवि0 थाना जियनपुर जनपद आजमगढ़।
- मु0अ0स0 015/2021 धारा 25/27/3 आयुध अधिनियम 1959 थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर।
- मु0अ0स0 014/2021 धारा 307 भादवि0 थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर।
- मु0अ0स0 140/2023 धारा 35,467,468,471 भादवि0 व 25/3/5 आयुध अधिनियम 1959 थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़।
- मु0अ0स0 404/2023 धारा 3(1) उ0 प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़।

# एचआरपीडी पर सीएचसी में उमड़ी गर्भवती महिलाओं की भीड़

## दूर-दराज गांवों से पहुंचीं महिलाएं, चिकित्सकों ने की जांच कर दवाइयां बांटी

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित एचआरपीडी के अवसर पर गुरुवार को गर्भवती महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कस्बे के साथ-साथ आसपास के दूर-दराज गांवों से भी बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी स्वास्थ्य जांच कराने के लिए अस्पताल पहुंचीं।अस्पताल परिसर में महिलाओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी महिलाओं का पंजीकरण कर उनकी जांच कर दवाई वितरित की।चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं का ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर लेवल सहित अन्य आवश्यक चिकित्सकीय जांच कीं। विशेष रूप से हाई रिस्क प्रेग्नेंसी यानी उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था से जुड़ी महिलाओं की जांच के बाद दवाइयां वितरित की गईं और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी परामर्श दिया गया।चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान समय-समय पर जांच कराते रहने, संतुलित और पौष्टिक आहार लेने तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत अस्पताल पहुंचने की सलाह दी। इसके साथ ही सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के लिए संस्थागत प्रसव के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।।चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रकार के विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को काफी लाभ मिल रहा है। जिससे सुरक्षित प्रसव और मातृ-शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा मिल रहा है।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक आरोपी को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।पुलिस के अनुसार जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के आदेश पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कार्रवाई करते हुए सुरेन्द्र उर्फ काला पुत्र सोहनवीर निवासी मोहल्ला विकास नगर, कस्बा एलम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की तलाशी लेने पर कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपों पर पूर्व में भी कई आपराधिक मामले थाने पर दर्ज है। आरोपी की गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक विपिन मलिक, हेड कांस्टेबल मुनेन्द्र कुमार और कांस्टेबल कर्मजीत की टीम शामिल रहे।

# मदरसा शाकिरा लिलबनात धोबहा में शैक्षिक जागरूकता कार्यक्रम, इल्म की अहमियत पर विस्तृत संबोधन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** मदरसा शाकिरा लिलबनात धोबहा में शैक्षिक जागरूकता के तहत एक महत्वपूर्ण और उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं के अंदर दीनि और आधुनिक शिक्षा के प्रति रुचि और जागरूकता पैदा करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अब्दुर्रकीब कासमी ने शिरकत की।

अपने विस्तृत संबोधन में डॉ. अब्दुर्रकीब कासमी ने कहा कि इल्म ही वह महान दौलत है, जिसकी बदौलत इंसान को दूसरी मखलूकात पर श्रेष्ठता हासिल हुई है। यहां तक कि अल्लाह तआला ने फरिश्तों पर भी इंसान को इल्म की वजह से फजीलत दी। उन्होंने कहा कि इस्लाम के शुरूआती दौर यानी खैरुल कुरून में मुसलमान इल्म से सुसज्जित थे, इसलिए वे दुनिया की रहनुमाई करते थे, लेकिन जब से उन्होंने इल्म से दूरी बनाई, वे फिक्र, अमल और तहजीब के मैदान में पीछे रह गए। उन्होंने छात्राओं को नसीहत दी कि वे इल्म को अपनी जिंदगी का मकसद बनाएं, क्योंकि इल्म ही इंसान को इज्जत, समझ और कामयाबी की राह दिखाता है।

इस मौके पर भीवंडी जामा मस्जिद के इमाम व खतीब कारी अजवदुल्लाह कासमी ने अपने संबोधन में लड़कियों की शिक्षा की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि लड़कियों का शिक्षित होना एक सभ्य और सम्मानित समाज की बुनियाद है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को चाहिए कि वे खुद अपने अंदर पढ़ाई का शौक पैदा करें, क्योंकि जब तक दिल में लगन और रुचि नहीं होगी, तब तक सफलता हासिल नहीं की जा सकती।

उन्होंने आगे कहा कि जो काम ईमानदारी और शौक के साथ किया जाता है, उसमें सफलता निश्चित होती है, इसलिए शिक्षा को सिर्फ एक जिम्मेदारी न समझें बल्कि इसे जुनून और लगन के साथ हासिल करें।

कार्यक्रम की शुरूआत तिलावत-ए-कुरआन से हुई, जबकि बारगाह-ए-रिसालत में हम्द व नात का नजराना कारी मसीहुद्दीन महेंदोपारी ने पेश किया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना हफीजुर्रहमान कासमी ने किया, जबकि अध्यक्षता हाफिज नसीम महेंदोपार ने की। अंत में मदरसे के संस्थापक अब्दुलबाकी नदवी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मदरसे की सभी शिक्षिकाएं और छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहीं और कार्यक्रम से भरपूर लाभ उठाया।

# महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण देकर अफकार इंडिया फाउंडेशन ने बनाया आत्मनिर्भर

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** नगर की सामाजिक संस्था अफकार इंडिया फाउंडेशन की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई-कटाई का रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।महिलाओं को घर बैठे सिलाई कार्य से जुड़कर आय अर्जित करने के तरीके बताए गए।कार्यक्रम में संस्था की टीम द्वारा प्रेरणादायक गीत तू ज़िंदा है तो ज़िंदगी जीत पर यकीन कर से हुई, जिसे राहुल कुमार बिलाल अहमद और यासमीन ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन बिलाल अहमद ने किया। प्रशिक्षिका मेहरूनिशा सैफी ने महिलाओं को सिलाई-कटाई की बारीकियां, जरूरी सावधानियां और आवश्यक सामान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्होंने करीब 30 हजार रुपये की पूंजी से अपना काम शुरू किया था और कई सामाजिक व पारिवारिक कठिनाइयों के बावजूद मेहनत से अपना रोजगार खड़ा किया। उन्होंने बताया कि बाद में चार मोटरयुक्त सिलाई मशीनें खरीदकर करीब दस महिलाओं को प्रशिक्षण दिया और उन्हें घर पर ही सिलाई से संबंधित काम उपलब्ध कराया। कार्यक्रम में 13 महिलाओं को सिलाई का प्रदर्शन करने के लिए मंच पर बुलाया गया, जिनमें से 11 महिलाएं सफल रहीं। कार्यक्रम में बताया कि सरकार के स्किल डेवलपमेंट और एनआरएलएम जैसे विभाग भी उत्पादों की मार्केटिंग में मदद कर सकते हैं। साथ ही विभिन्न जिलों में लगने वाले ट्रेड फेयर के माध्यम से भी रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं। आयशा मालिक, जिया कटारिया, इसराना और फिरदोस सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# एडीएम की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जनपद स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जय प्रकाश की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत जनपद स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत यूनिवर्सल सोम्पो एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी फसल बीमा का कार्य देख रही है। रबी फसल अंतर्गत नुकसान की क्षतिपूर्ति हेतु जनपद में अब तक कुल 121 किसानों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किए गए हैं जिसमें से बीमा कंपनी द्वारा अब तक मात्र आठ आवेदन का निस्तारण किया जाना शेष है। कुल 86 आवेदन क्षतिपूर्ति भुगतान हेतु स्वीकृत पाए गए हैं। अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अवशेष 8 आवेदन का भी यथाशीघ्र निस्तारण कर लिया जाए। बैठक में उपस्थित अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि सभी बैंकों में बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर अंकित कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी यदि किसी किसान को अपनी फसल क्षतिपूर्ति का दावा प्रस्तुत करना है तो नुकसान के 72 घंटे में बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल कर दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। उप कृषि निदेशक ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) में विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु सम्बन्धी आपदाओं से होने वाली फसल क्षति से कृषक परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान किये जाने का प्राविधान है। उन्होंने जनपद सन्त कबीर नगर में फसल बीमा योजना से आच्छादित समस्त कृषक भाईयों को सूचित किया है कि रबी फसलों अन्तर्गत अधिसूचित फसल गेहूँ, सरसों व मसूर हेतु खलिहान में 14 दिन की अवधि अन्तर्गत प्रतिकूल मौसम से नुकसान के दृष्टिगत घटना के 72 घण्टे के अन्दर स्वयं भारत सरकार के टोल फ्री नम्बर के0आर0पी0एच0-14447 पर सूचित किया जायेगा। योजना के प्राविधानों के अनुसार बीमा कम्पनी ₹यूनिवर्सल सोम्पों जनरल इन्श्योरेन्स, कम्पनी लि०₹ द्वारा कृषको को क्षतिपूर्ति का भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डॉ0 राकेश कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी डॉ0 सर्वेश यादव, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, अपर सांख्यिकी अधिकारी, भूलेख अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक पवन कुमार सिन्हा, सचिव जिला सहकारी बैंक सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# मारपीट व जान से मारने की धमकी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

मोहसिन रहमानी




**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुर टील में महिला और उसके बच्चों के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। विगत 29 को गांव इस्सोपुर टील निवासी महिला रेखा देवी पत्नी राजपाल ने आरोप लगाया था कि पीड़िता गांव में दूध की देरी चलती है और अपने दूध की डेरी में बैठी हुई थी तभी गांव के ही बाबू पुत्र नरसिंह, आकाश पुत्र बाबू, छोटा पुत्र बाबू और हिमांशु पुत्र नरेंद्र सहित अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से उसके और उसके बच्चों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया था। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी थी।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार व उनकी पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए बाबूराम पुत्र नरसिंह और आकाश पुत्र बाबूराम निवासी इस्सोपुर टील को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। बाकी आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विक्रम सिंह और हेड कांस्टेबल संजीव शामिल रहे।

# शैक्षिक गुणवत्ता व अनुशासन बनाये रखने के लिए कठोर नियम अपनाएंगे-संजय द्विवेदी

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** नवीन शैक्षिक की तैयारी को लेकर ए.एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा के शिक्षक -शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद इश्तियाक अंसारी व संचालन कमरे आलम सिद्दीकी ने किया। प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी स्टाफ मीटिंग में कहा कि शैक्षिक गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। शैक्षिक गुणवत्ता व अनुशासन बनाए रखने के लिए उच्च मापदंडों का अनुपालन कराया जाएगा। परीक्षा में बैठने के लिए विद्यार्थियों को विद्यालय में 80 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति दर्ज करानी होगी। श्री द्विवेदी ने कहा कि विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अभिभावकों से संवाद किया जाएगा। क्षेत्रीय अभिभावकों को पढ़ाई के प्रति संजीदा होना पड़ेगा। नवीन कक्षा में एडमिशन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से ही दिया जाएगा। विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आना पड़ेगा। निर्धारित समय सारणी के अनुसार पढ़ाई करनी पड़ेगी। लगातार तीन दिन अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को लघु दंड दिया जाएगा। बैठक में श्री द्विवेदी ने कहा कि सभी शिक्षक कर्मयोगी पोर्टल पर ए.आई. प्रशिक्षण पूरा कर लें। सभी कक्षाध्यापक अपनी-अपनी कक्षा की अपार आईडी, यू डायस और प्रेरणा पोर्टल को अपडेट करने का कार्य स्वयं करेंगे। सभी कर्मचारियों को विद्यालय समय से ही आना जाना होगा। कक्षा 6, 7 व 8 के विद्यार्थियों को निशुल्क पुस्तक सोमवार को उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आसपास बहुत सारे विद्यालय बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं। इन्हें बंद कराने के लिए संबंधित अधिकारियों से संवाद किया जाएगा। विद्यालय में विज्ञान वर्ग का प्रवेश प्रारंभ हो गया है। गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के लिए नए शिक्षकों की तैनाती की जा रही है। सभी विद्यार्थियों को विद्यालय ड्रेस कोड का पालन करना पड़ेगा। बिना ड्रेस के किसी भी विद्यार्थी को विद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। नामांकन बढ़ाने के लिए स्कूल चलो अभियान के तहत आसपास के विद्यालयों के प्रधानाचार्य से संपर्क किया जाएगा। इस दौरान फसीहुद्दीन, मुहम्मद यूनुस, मुहम्मद शाहिद, अब्दुस्सलाम, कमरे आलम सिद्दीकी, जुबैर अहमद, मुहम्मद युनुस, औबेदुल्लाह, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, अखिलेश कुमारी, हकीमल्लाह, फखद्दीन, सबीह अहमद, असादुल्लाह, जुनैद अहमद, रफी अहमद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# बांस बल्ली के सहारे बिजली आपूर्ति, हादसे की आशंका

## आए दिन फाल्ट की समस्या झेल रहे ग्रामीण, नहीं मिल रही शेड्यूल के अनुसार बिजली





वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** सेमरियावां विकास खंड के धुसुरा गांव में सात परिवारों के घर बिजली पहुंचाने में बिजली विभाग को बांस बल्ली की मदद लेनी पड़ रही है।

कई बार शिकायत के बाद भी यहां बिजली के पोल नहीं लगाए जा सके। इससे स्थानीय लोगों को हादसे की आशंका सता रही है। आए दिन फाल्ट होने से बिजली आपूर्ति भी लोगों को शेड्यूल के मुताबिक नहीं मिल पा रहा जिससे लोगों में नाराजगी है। सेमरियावा ब्लाक के गांव धुसुरा में विद्युत उपकेन्द्र कुसहरा से बिजली की आपूर्ति की जाती है।

महीनों बीत जाने के बाद भी एजाज अहमद, अब्दुल मोइज, सिराजुद्दीन आदि लगभग आधा दर्जन घरों में विद्युत पोल के अभाव में बांस के सहारे बिजली आपूर्ति की जा रही है। जिससे आए दिन विद्युत फाल्ट की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है।

सरकार की बेहतर बिजली देने की मंशा विभागीय जिम्मेदारों की उदासीनता व लापरवाही के कारण पूरी नहीं हो पा रही है। अवर अभियंता अजय चौरसिया ने बताया एक वर्ष पूर्व ही विभाग से प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। धन आवंटन होने पर व्यवस्था सुदृढ़ करा दी जाएगी।

> बांस बल्ली के के सहारे बिजली आपूर्ति होने से हमेशा बच्चों एवं पशुओं पर खतरा बना रहता है। विभाग को जल्द इस पर कार्रवाई करनी चाहिए।
>
> **एजाज अहमद, उपभोक्ता।**

> कई बार बिजली का पोल लगाने को लेकर विभाग से अनुरोध किया गया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है।
>
> **अब्दुल मोईज, उपभोक्ता।**

> बांस बल्ली के सहारे बिजली आपूर्ति होने के कारण अक्सर फाल्ट व तकनीकी समस्या सामने आती है। जिससे लोगों को शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं मिलती है। खतरा भी बना रहता है। पोल लगना जरूरी है।
>
> **रेहाना खातून, उपभोक्ता।**

# 15 दिन पुरानी चोरी का खुलासा: फरार आरोपी गिरफ्तार, 3.80 लाख नकदी व बाइक बरामद



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने 15 दिन पूर्व मौ0 इन्द्रलोक कॉलोनी स्थित एक मकान में हुई चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए वांछित/फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 3,80,000/- की नकदी तथा घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने चोरी किए गए आभूषणों को मुथूट फाइनेंस पर गिरवी रखकर 5,08,000/- का लोन लिया था। पुलिस अब गिरवी रखे गए आभूषणों को बरामद करने की कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# भाकियू अन्नदाता के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## निजी स्कूल संचालकों की मनमानी पर रोक लगाई जाए: महेश मीणा

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**शिकारपुर।** गुरूवार को भाकियू अन्नदाता के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीणा के नेतृत्व में एक ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार अक्षय दहिया को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि शिकारपुर तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति,बिजली के स्मार्ट मीटर न लगाने एवं निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की गई है।

हाल ही में हुई भारी ओलावृष्टि के कारण क्षेत्र की फसलों को अत्यधिक नुकसान हुआ है। गेहूं, सरसों एवं अन्य खड़ी फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है ।साथ ही, क्षेत्र में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिनसे किसानों को अनावश्यक आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। किसान इसका विरोध करते हैं ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को रोका जाए ।इसके अतिरिक्त, निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से महंगी किताबें लगाई जा रही हैं, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक भार बढ़ रहा है।

सभी स्कूलों में केवल एनसीईआरटी की किताबें अनिवार्य की जाएं तथा निजी स्कूलों की मनमानी पर सख्त रोक लगाई जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीणा ने कहा है कि प्रभावित क्षेत्र का शीघ्र सर्वे कराया जाए ।किसानों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। कृषि ऋण में राहत दी जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए ।सभी स्कूलों में ठउएफळ की किताबें अनिवार्य की जाएं ।निजी स्कूलों की मनमानी पर सख्त कार्रवाई की जाए।

तथा किसानों एवं आम जनता की इन गंभीर समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र उचित कार्यवाही मांग की है। इस मौके पर महेश मीणा राष्ट्रीय रमेश प्रजापति, ठाकुर केपी सिंह बंसी वाले जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा आसिफ बबली सैफी राजीव चौधरी हुकम सिंह गौतम बैधजी, नीरज प्रजापति हरीश पंडित राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## साइबर ठगी की शिकार हुई छात्रा का वापस हुआ पैसा, खुशी

**संदीप तिवारी**



**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया )।** मिजार्मुराद थाने के साइबर क्राइम हेल्प डेस्क के एसआई अविनाश कुमार सिंह की मदद से गुरुवार को साइबर ठगी की शिकार हुई बीए द्वितीय वर्ष के छात्रा का पैसा वापस होने पर खुश हो उठी ।उसने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद बोला। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि ठठरा गांव (मिजार्मुराद) निवासिनी बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा तनु रानी मौर्या के साथ साइबर ठगों ने बीते 13 नवंबर 25 को एक लिंक के माध्यम से फार्म सम्मिट करवाने के बाद खाते से 85 हजार रुपया उठा दिया था।

जिसकी शिकायत छात्रा द्वारा साइबर क्राइम नंबर 1930 पर किया गया था ।उसी समय मिजार्मुराद थाने के साइबर सेल के एसआई अविनाश कुमार सिंह द्वारा जिस खाते में पैसा ट्रांसफार्मर करवाया गया था उसको होल्ड करवा दिया गया था ।पुलिस छात्रा के पैसे के लिए लगी रही जिस बैंक खाता में पैसा गया था पुलिस वहां संपर्क कर के करीब चार महीने बाद रत्नाकर बैंक लिमिटेड के द्वारा छात्रा को 72 हजार 152 रुपया 55 पैसे का चेक दिलवाकर पैसा वापस करवा दी। एसआई अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि बाकी बचा पैसा दूसरे बैंक में गया था उसको भी वापस करने के लिए डिटेल भेज दिया गया है जल्द छात्रा के खाते में बचे पैसे वापस हो जाएगा ।छात्रा ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद बोली और खुशी जाहिर करते हुए बताई की साइबर क्राइम वाला जब फोन किया तो बोला कि आपके जीजा से पैसा लिया था वही पैसा वापस करना है आपके जीजा ने बोला है नंबर दिये है एक लिंक गया है उसको खोलकर सारा बैंक एकाउंट डिटेल डाल दो जैसे ही बैंक डिटेल पड़ा पैसा कट गया था।

## सुपर सीडर से बोए गए गेंहू की क्रॉप से हुई कटिंग



**संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया )।** कृषि विज्ञान केंद्र, कल्लीपुर वाराणसी के प्रक्षेत्र पर गुरुवार को सुपर सीडर से बोए गए गेहू की क्रॉप कटिंग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, चंदौली के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ० नरेंद्र रघुवंशी तथा कृषि विज्ञान केंद्र, वाराणसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ० एन.के.सिंह, संयुक्त निदेशक कृषि शैलेंद्र सिंह, उप निदेशक कृषि श्रीअमित जायसवाल, जिला कृषि अधिकारी संगम मौर्य, वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य शीतला सिंह एवं केंद्र के वैज्ञानिक व कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम किसानों के लिए उन्नत कृषि पद्धतियों के प्रदर्शन तथा वैज्ञानिक तकनीकों के प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# ब्लैक स्कॉर्पियो सवार दबंगों का युवक पर जानलेवा हमला, गला दबाकर हत्या का किया प्रयास

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**बुलंदशहर।** जिला बुलंदशहर के कस्बा जहांगीराबाद में बुधवार की रात दबंगई और हिंसा का एक मामला सामने आया है। एक काली स्कॉर्पियो में सवार चार युवकों ने बाइक सवार युवक को रास्ते में रोककर न केवल उसके साथ मारपीट की, बल्कि गला दबाकर उसे जान से मारने की कोशिश भी की। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात पीड़ित युवक अपनी बाइक से घर लौट रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आई एक काली स्कॉर्पियो ने उसे ओवरटेक कर रास्ता रोक लिया। गाड़ी रुकते ही उसमें सवार चार युवक राशिद, काले, बिल्ला और मंसूर नीचे उतरे और बिना कुछ कहे पीड़ित पर हमला बोल दिया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावर अवैध हथियारों से लैस थे।

हमले के दौरान एक आरोपी ने लोहे की रॉड से युवक के सिर पर वार करने की कोशिश की, जिससे उसके कंधे और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। मुख्य आरोपी ने युवक का गला दबाकर उसे जान से मारने का प्रयास किया। इसी बीच बाजार से टहल कर लौट रहे पीड़ित के पिता और उनके एक साथी को आता देख आरोपी पीछे हट गए लेकिन गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देना जारी रखा। स्थानीय लोगों के बीच-बचाव के बाद आरोपी अपनी स्कॉर्पियो लेकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पीड़ित पक्ष का दावा है कि उनके पास घटना से जुड़े ऑडियो और वीडियो साक्ष्य मौजूद हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं 109(1), 115(2), 127(2), 351(3) और 352 के तहत मामला दर्ज किया है।

> तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगा दी गई हैं। क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही सभी आरोपी पुलिस हिरासत में होंगे।
>
> **सुदेश कुमार**
> **प्रभारी निरीक्षक**

## टेट अनिवार्यता के विरोध में मशाल जुलूस को लेकर शिक्षकों की हुई बैठक



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** गुरुवार को शिवचरण इंटर बुलंदशहर में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ जनपद बुलंदशहर के बैनर तले शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई,जिसमें देश/प्रदेश के संगठन के निर्देश अनुसार टेट (T.E.T) अनिवार्यता के विरोध में दिनांक 13 अप्रैल 2026 को विशाल मशाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया।

बैठक में निम्नलिखित शिक्षक संगठन एवं उनके प्रतिनिधि पहुंचे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ,उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ,अटैवा,टी.एस.सी.टी,एससी/एसटी शिक्षक महासंघ,अंतर्जनपदीय शिक्षक संघ,विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के भाग लिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से काला आम तक मसाल जुलूस 2:30 बजे प्रारंभ होगा। इस मौके पर सुरेंद्र यादव देवेंद्र कुमार शर्मा अरुण राठी कौशल किशोर पंकज गुप्ता राजन खान मवासी सिंह,राजपाल सिंह बृजेश कुमार जितेंद्र गौतम देवपाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# पूर्व राज्यपाल का बुगरासी में पुनः स्वागत



**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**बुगरासी।** पूर्व राज्यपाल आरिफ मौहम्मद खान का गुरुवार दोपहर कस्बा पहुंचने पर लोगों ने पुनः स्वागत किया। कांग्रेस नेता डॉ इदरीस अहमद के आवास पर आरिफ मौहम्मद खान करीब 30 मिनट रुके और दिल्ली के लिये रवाना हो गये।

पूर्व राज्यपाल आरिफ मौहम्मद खान गुरुवार दोपहर कस्बे के सिविल लाइन स्थित डॉ इदरीस अहमद के आवास पर पहुंचे।

कस्बा पहुंचने पर मौजूद सैंकड़ों लोगों ने पूर्व राज्यपाल का स्वागत किया। आरिफ मौहम्मद खान ने कस्बा व क्षेत्र के लोगों से आत्मीयता के साथ मुलाकात कर हर एक का हाल चाल जाना।

करीब 30 मिनट की मुलाकात के बाद पूर्व राज्यपाल दिल्ली के लिये रवाना हो गये। इस दौरान आफाक उर रहीम खान, बदरुल इस्लाम, बब्बन मियां, राफे मौहम्मद खान, डॉ संतोष चौहान, जसवंत सिंह, सदाकत अली, इस्लाम कुरैशी, शब्बीर कुरैशी, समीर कुरैशी, रिजवान कुरैशी, मौहम्मद साकिब, फौजान सैफी, दानिश मलिक आदि मौजूद रहे।

## कैंट बोर्ड ठेकेदार ने सड़कों की सफाई को लेकर लिया फैसला, बाजार बंद होते टीम सड़कों पर

**उज्जवल रस्तौगी**

**मेरठ(वेलकम इंडिया)।** अब रात में मेरठ कैंट बोर्ड द्वारा स्वीकृत ठेकेदार की फर्म श्रीराम कंस्ट्रक्शन के कर्मचारियों द्वारा डोर टू डोर कचरा उठाने की शुरूआत की ताकि बाजारों में साफ सफाई बनी रहे और व्यापारियों से अपील की वह अपना कूड़ा डोर टू डोर चल रही ई रिक्शा वाहन में ही डालें।

हनुमान चौक शिव चौक व आबूलेन बाजार की साफ-सफाई को लेकर ठेकेदार कर्मचारियों की टीम के सुपरवाइजर दीपक कुमार व मुकुल गहलोत के नेतृत्व में शाम होते ही सड़क किनारे पर लग रहे बड़ी संख्या में चार पहिया वाहनों पर फास्ट फूड चाउमिन मछली ख्वाब चाट पकौड़ी विक्रेताओं के पास जाकर चेतावनी दी जा रही है कि कुंडा कचरा सड़कों पर न फैलाएं तथा डस्टबिन में डालकर रखें सुपरवाइजर ने बताया कंस्ट्रक्शन कंपनी ने सदर हनुमान चौक शिव चौक आबूलेन मार्केट बंद होने के बाद डोर टू डोर कचरा उठाने का कार्य पिछले एक हफ्ते से निरंतर चलाया जा रहा है तथा बाजार के दुकान दारों के साथ साथ विशेष रूप से रेहड़ी पटरी वाहनो को सड़कों पर खान-पान का धंधा कर रहे लोगों से अपील की जा रही है बता दें सदर बाजार व्यापारी नेता सुशील दुआ व अन्य व्यापारी ने सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाने को लेकर कैंट सीईओ से बार बार गुहार लगाई जा रही थी।

वहीं कैंट बोर्ड सीईओ जाकिर हुसैन ने सफाई इंस्पेक्टर अभिषेक गंगवार के साथ देर रात सदर के बाजारो में औचक निरीक्षण भी किया तथा मौके सड़कों पर चाउमिन मछली कवाब व रजबन के नाले के किनारे दर्जनों ठेलों को देख नाराजगी जताई, बता दें शाम होते ही मीट मुर्गा कवाब शराब सड़कों पर खुलेआम परोसी जाती है।

# मिशन शक्ति अभियान: किठौर में नारी सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**जाकिर तुर्क**



**मेरठ(वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत बुधवार को किठौर कस्बे के मोहल्ला कुम्हारान में नारी सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन थाना किठौर की मिशन शक्ति टीम द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही बाल विवाह, पोक्सो एक्ट, साइबर अपराध और यातायात नियमों की जानकारी विस्तार से दी गई। छात्राओं को समझाया गया कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करें।

टीम ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की, जिनमें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076), वूमेन पावर हेल्पलाइन (1090), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), साइबर हेल्पलाइन (1930), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), एंबुलेंस सेवा (108) और स्वास्थ्य सेवा (102) शामिल हैं।

इसके अलावा महिलाओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धावस्था पेंशन और विधवा पेंशन योजना के बारे में भी जागरूक किया गया।

इस अवसर पर एसआई ओमेंद्र गंगवार (चौकी माछरा), सब इंस्पेक्टर किरन कुमारी सहित थाना किठौर की टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## एसीपी ने किया ट्रैफिक कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण



**मयूर खान**

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** जनपद आगरा में डीसीपी ट्रैफिक के निर्देशन में एसीपी ट्रैफिक द्वारा आगरा के ट्रैफिक कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्ळटर कार्यप्रणाली का जायजा लिया गया और शहर में सुगम यातायात व जन जागरूकता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस निरीक्षण का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना और लोगों को जागरूक करना है। एसीपी ट्रैफिक ने ट्रैफिक कंट्रोल रूम के अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की और उन्हें यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

डीसीपी ट्रैफिक ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस विभाग लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक कंट्रोल रूम का निरीक्षण करना एक नियमित प्रक्रिया है और इससे हमें शहर में यातायात व्यवस्था को सुधारने में मदद मिलती है।

# भाजपा के स्थापना दिवस लगाई ग्राम चौपाल

## लोगों को संगठन के नीतियों के बारे में दी जानकारी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**छतारी।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर गंगावास में ग्राम चौपाल का आयोजन किया। चौपाल में कार्यकताओं द्वारा पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया गया।

छतारी क्षेत्र के गांव गंगावास में भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

भाजपा की ग्राम चौपाल का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि मनोज गर्ग, मंडल उपाध्यक्ष सचिन शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

चौपाल के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल उपाध्यक्ष सचिन शर्मा ने बताया कि संगठन की विचारधारा, केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान कार्यकताओं ने घर-घर संपर्क कर पत्रक वितरित किए और लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष संजय सूर्यवंशी, विक्रम सिंह, सुभाष शर्मा, हिम्मत सिंह, बुद्धसेन, प्रेमदत्त, श्रीपाल, दामोदर सिंह, सत्यप्रकाश आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति: महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने का अभियान



**मयूर खान**

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** जनपद आगरा में-पुलिस उपायुक्त पूर्वी के निर्देशन में पूर्वी जोन की थाना इरादतनगर मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति 5 के तहत जागरूक किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है।

पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की, जैसे कि उनके अधिकार, सुरक्षा के उपाय, और आपत्ति की स्थिति में क्या करना है। मिशन शक्ति एक महत्वपूर्ण अभियान है जो महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से, हम महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर रहे हैं और उन्हें सुरक्षित और सम्मानित जीवन जीने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# एस आर एम आई एस टी और गाजियाबाद पुलिस का संयुक्त प्रयासः ऑपरेशन प्रहार बना जागरूकता का मंच

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, एनसीआर कैंपस, मोदीनगर में ह्यऑपरेशन प्रहारह्न के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और अवैध हथियारों के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाना तथा युवाओं को सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की ओर प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की और छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। संस्थान के डीन डॉ. आर.पी. महापात्रा ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री केशव चौधरी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त गाजियाबाद रहे। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं को नशे और अपराध से दूर रहने तथा समाज के जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर पर सुरेंद्र नाथ तिवारी, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण गाजियाबाद भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को कानून व्यवस्था, सामाजिक जिम्मेदारी और जागरूक नागरिक बनने के महत्व के बारे में प्रेरित किया। कार्यक्रम में भास्कर वर्मा सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर, कृष्ण कुमार मौर्य थाना प्रभारी निवाड़ी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पुलिस अधिकारियों ने अपने वास्तविक अनुभवों के माध्यम से छात्रों को अपराध के दुष्परिणामों और उससे बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. एस. विश्वनाथन, डीन डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन कैंपस लाइफ डॉ. नवीन अहलावत, डीन आईक्यूएसी डॉ. धौम्य भट्ट सहित सभी गणमान्य सदस्यों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संबोधन के पश्चात एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने समाज की सुरक्षा और नियमों के पालन का संकल्प लिया। इसके बाद आरजू क्लब के छात्रों द्वारा एक प्रभावशाली लघु नाटिका (स्किट) प्रस्तुत की गई, जिसने दर्शकों को जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. नितिन धामा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, पुलिस अधिकारियों, फैकल्टी सदस्यों तथा इवेंट मैनेजमेंट टीम का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में, सभी उपस्थित विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि वे न केवल स्वयं नशे और अपराध से दूर रहें, बल्कि समाज को जागरूक करने में भी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम का सफल आयोजन

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** एम.एम. कॉलेज, मोदीनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोग से फोरम फॉर एस्पिरेंट्स कनेक्टिंग स्टूडेंट्स तथा दक्ष इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मोदीनगर द्वारा एक स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशलों से सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम के दौरान डॉ आनंद कुमार (मैनेजिंग डायरेक्टर, डी आई टी) के द्वारा विद्यार्थियों को प्रभावी एवं आकर्षक रिज्यूमे तैयार करने की विधि विस्तार से समझाई गई।

साथ ही, राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया एवं विभिन्न पदों के लिए आवेदन करने की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. के. अग्रवाल ने इस प्रकार की कार्यशालाओं को अत्यंत उपयोगी बताते हुए आयोजकों की सराहना की और विद्यार्थियों को अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन श्री विशाल राजपूत वरिष्ठ शोध अध्येता, इतिहास विभाग ने किया अंत में डॉ. अमर सिंह कश्यप, प्रतियोगी अभ्यर्थी छात्र कार्य प्रांत प्रमुख एवं कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्य मुकुल शर्मा, यश, अंकित,वंश चौधरी, विशाखा, निकुंज एवं सुमित का विशेष योगदान रहा इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

# साइबर फ्रॉड के मामले में ठगी गई 31,488 रुपये की धनराशि पीड़ित को वापस दिलाई




**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** पुलिस साइबर अपराधों पर लगातार कारवाई कर रही है। साइबर सेल थाना भोजपुर पुलिस टीम ने साइबर फ्रॉड के एक मामले में ठगी गई। कुल 31,488 रुपये की धनराशि पीड़ित को वापस दिलवाई गयी। पीड़ित युवक ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है। पुलिस के अनुसार,पीड़ित के साथ ऑनलाइन माध्यम से धोखाधड़ी की गई थी। जिसके बाद तत्काल शिकायत दर्ज कराई। साइबर सेल की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी जांच के आधार पर ठगी गई रकम को ट्रेस किया और संबंधित बैंक/प्लेटफॉर्म की मदद से पूरी राशि वापस कराई।पुलिस अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना ओ टी पी,सी वी वी, बैंक डिटेल या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। ऐसी जानकारी साझा करने से साइबर ठगी का खतरा बढ़ जाता है। भोजपुर थाना प्रभारी प्रताप बालियान ने लोगो से अपील करते हुए कहा सावधान रहें,सुरक्षित रहें। किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक से बचें और तुरंत साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में शिकायत करें।

# एमआईईटी ने माइक्रोसॉफ्ट एज्योर सीओई लैब का उद्घाटन किया, क्लाउड टेक्नोलॉजी पर विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मेरठ।** मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) ने तकनीकी शिक्षा को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसके तहत माइक्रोसॉफ्ट एज्योर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) लैब का उद्घाटन किया गया, जिसके बाद क्लाउड कंप्यूटिंग पर एक विशेषज्ञ सत्र आयोजित किया गया।

इस पहल का उद्देश्य छात्रों को अत्याधुनिक डिजिटल तकनीकों का ज्ञान प्रदान करना और उद्योग से संबंधित उपकरणों और प्लेटफार्मों का व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना है।

इस कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्घाटन समारोह में माइक्रोसॉफ्ट मोस्ट वैल्यूएबल प्रोफेशनल (एमवीपी) और जाने-माने प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ सार्थक जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए आज की प्रौद्योगिकी-चालित दुनिया में क्लाउड कंप्यूटिंग, विशेष रूप से माइक्रोसॉफ्ट एज्योर के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने जोर दिया कि उभरती प्रौद्योगिकियां आईटी परिदृश्य को नया रूप दे रही हैं और छात्रों से उद्योग की मांगों के अनुरूप अपने कौशल को लगातार उन्नत करने का आग्रह किया। नवस्थापित एज्योर सीओई लैब को क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक शिक्षण के अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

यह छात्रों को वास्तविक दुनिया की परियोजनाओं पर काम करने में सक्षम बनाएगा, जिससे उनकी तकनीकी दक्षता और रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी।

इस अवसर पर निदेशक प्रो. (डॉ.) एस. के. सिंह, डीन एकेडमिक्स डॉ. संजीव कुमार, एसोसिएट डीन (सीएसई, आईटी और संबद्ध शाखाएं) डॉ. कृष्णा शर्मा, विभागाध्यक्ष (एआई और एमएल) डॉ. रामवीर सिंह और विभागाध्यक्ष (सीएसई-आईओटी) डॉ. प्रवीण कुमार मिश्रा भी उपस्थित थे।माइक्रोसॉफ्ट एज्योर की एसपीओसी सुश्री मीतू मान भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं।

उन्होंने छात्रों को लैब सुविधाओं का सक्रिय रूप से उपयोग करने और इसके द्वारा प्रदान किए जाने वाले व्यावहारिक अनुभव का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जिन्होंने उभरती क्लाउड प्रौद्योगिकियों पर प्रश्न पूछे और अपने विचार साझा किए। एज्योर सीओई लैब की स्थापना गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करने और उद्योग-उन्मुख शिक्षण को बढ़ावा देने के प्रति एमआईईटी की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जिससे भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए छात्रों को तैयार करने में एमआईईटी की भूमिका और मजबूत होती है।

# एमटी-5 ऐप के जरिए करोड़ों की ठगी का खेल खत्म, STF-पुलिस ने शातिर आरोपी दबोचा



**अरूण मिश्रा**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना मसूरी पुलिस एवं एसटीएफ आगरा टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। संयुक्त कार्रवाई के दौरान रएअ ढफ्रब्ए उअढक्ळअछ कम्पनी के माध्यम से आम जनता को झांसा देकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त ने एमटी-5 नामक ऐप लॉन्च कर लोगों को निवेश के नाम पर मोटा मुनाफा देने का लालच दिया। आरोपी ने सुनियोजित तरीके से लोगों को अपने जाल में फंसाया और उनसे बड़ी रकम निवेश करवाई। बाद में जब लोगों ने पैसा निकालने की कोशिश की, तो उन्हें टालमटोल कर धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी लंबे समय से इस फर्जीवाड़े को अंजाम दे रहा था और इसके जरिए करोड़ों रुपये की ठगी की गई है। पुलिस टीम को काफी समय से इस गिरोह की तलाश थी, जिसे अब सफलता पूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त से पूछताछ में कई अहम खुलासे होने की संभावना है। पुलिस अब उसके नेटवर्क, अन्य साथियों और ठगी में इस्तेमाल किए गए बैंक खातों व तकनीकी माध्यमों की गहराई से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी अनजान ऐप या कंपनी में निवेश करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें और लालच में आकर अपनी मेहनत की कमाई जोखिम में न डालें।

# आईआईटी-बीएचयू 'स्पिरिट 2026' में आरकेजीआईटी फार्मेसी के छात्रों की शानदार उपलब्धि

## लगातार चौथी बार लहराया परचम

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**गाजियाबाद।** वाराणसी स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई आई टी बीएचयू) द्वारा 3 से 5 अप्रैल 2026 तक आयोजित वार्षिक टेक्नो-फार्मा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'बायोफ्यूजनः इनोवेशन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा का पुनर्निर्माणह्व में आरकेजीआईटी फामेर्सी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर संस्थान को गौरवान्वित किया। इस सम्मेलन में कुल 9 छात्र और 2 संकाय सदस्य शामिल हुए। चौथे वर्ष के छात्र विश्वकांत राय, प्रियंशु शर्मा और उर्वशी जैन ने फैब्रिकेशन मॉडलिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि चौथे वर्ष के ही छात्र तपिश ने तृतीय स्थान हासिल किया और सचिन कुमार सिंह ,रवि कुमार , प्रतीक राय ,आकाश दास, सान्या, ने भी प्रभावशाली तरीके से अपने अपने मॉडल को प्रस्तुत किया ! छात्रों को मार्गदर्शन श्री अभिनव अग्रवाल, डॉ. एम. ए. शीला और सुश्री मेघा टोंक और डॉक्टर पंकज कुमार शर्मा, ने दिया, तथा संपूर्ण देखरेख डॉ. मोनिका सचदेवा (प्राचार्य, फामेर्सी) द्वारा की गई। यह उपलब्धि फार्मास्यूटिकल शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में आरकेजीआईटी फामेर्सी की बढ़ती उत्कृष्टता को दशार्ती है और संस्थान के लिए एक और गौरवपूर्ण क्षण साबित हुई है। इस मौके पर वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल जी ने छात्रों को बधाई दी और ग्रुप एडवाइजर श्री लक्ष्मण प्रसाद, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान , डॉक्टर विपुल गोयल ( हेड, एच आर, आर के जी आई टी ),और प्रिंसिपल (फामेर्सी) डॉ. मोनिका सचदेवा भी मौके पर मौजूद रहे।

# आवास विकास की समस्याओं पर सख्त हुए विधायक संजीव शर्मा, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के आवास विकास क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जनसमस्याओं को लेकर विधायक संजीव शर्मा ने अधीक्षण अभियंता अजय मित्तल से मुलाकात कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों की प्रगति और आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान नालियों की सफाई एवं निर्माण, सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण, पार्कों के रख-रखाव तथा प्रमुख चौराहों के सौंदर्यकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे प्रमुख रूप से उठाए गए। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए सड़कों के चौड़ीकरण पर भी विशेष जोर दिया गया। विधायक संजीव शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्यों की समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया कि क्षेत्र की समस्याओं को लगातार प्रशासन के समक्ष उठाया जा रहा है और जनहित से जुड़े हर मुद्दे के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की प्रगति पर नियमित निगरानी रखी जाएगी। इस पहल से क्षेत्रवासियों को जल्द ही बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 12 अप्रैल को- डॉ पूनम गर्ग

**अनिल वशिष्ठ**




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** डॉ पूनम गर्ग ने बताया कि गोविंदपुरी क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता और जनसेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी 12 अप्रैल (रविवार) को एक नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक सनातन धर्म मंदिर, सारा रोड, गोविंदपुरी में आयोजित होगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और समय रहते बीमारियों की जांच कराना है। इस कैंप में कई अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इनमें प्रमुख रूप से डॉ. पूनम गर्ग (आई वी एफ विशेषज्ञ), डॉ. सताक्षी गर्ग (आई वी एफ विशेषज्ञ), डॉ. शैकी जैन (कार्डियोलॉजिस्ट), डॉ. अनिल गर्ग (जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन), डॉ. शुभांगी गर्ग (महिला लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन, मोदीनगर) और डॉ. वरुण कुमार (शिशु रोग विशेषज्ञ) शामिल हैं।

शिविर में लोगों को कई महत्वपूर्ण जांच सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। जिनमें ईसीजी, लिपिड प्रोफाइल और शुगर टेस्ट प्रमुख हैं। इसके अलावा ईसीएचओ जांच पर 50% की विशेष छूट भी दी जाएगी। यह कैंप खासतौर पर हृदय और सामान्य स्वास्थ्य जांच के लिए बेहद लाभकारी साबित होगा। कार्यक्रम का आयोजन महिला पंजाबी संगठन और विघावती सेवा ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। दोनों संस्थाएं लंबे समय से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं और समय-समय पर ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करती रहती हैं। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने साथ अपने परिवार के सदस्यों को भी जांच के लिए लेकर आएं। स्वस्थ दिल और खुशहाल जीवन के संदेश के साथ यह पहल समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

# इंदिरापुरम की हाईराइज सोसाइटी में युवती की संदिग्ध मौत, CCTV फुटेज ने बदली जांच की दिशा

**कपिल चौहान**





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित जयपुरिया सनराइज सोसाइटी में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला अब नया मोड़ लेता नजर आ रहा है।

शुरूआती जांच में जहां परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया था, वहीं पुलिस जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामला आत्महत्या की ओर इशारा कर रहा है। पुलिस द्वारा सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरों की गहन पड़ताल की गई, जिसमें युवती अकेले लिफ्ट से 16वीं मंजिल पर जाती हुई दिखाई दी।

इसके कुछ ही देर बाद वह 15वीं मंजिल से नीचे गिरती हुई कैमरे में कैद हुई। फुटेज में कहीं भी कोई अन्य संदिग्ध व्यक्ति नजर नहीं आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है, जिससे परिजनों के आरोपों को झटका लगा है।

हालांकि, पुलिस ने पहले ही अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। सोसाइटी के बाहर जोरदार प्रदर्शन हुआ और अंतिम संस्कार के दौरान भी तनावपूर्ण माहौल बना रहा, जिसे नियंत्रित करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

जांच में यह भी सामने आया है कि युवती के पिता सोसाइटी में कपड़े प्रेस करने और गाड़ियों की सफाई का कार्य करते हैं, और युवती भी अक्सर उनके साथ वहां आती-जाती थी।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन युवती द्वारा यह कदम उठाने के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच जारी है।

# श्री खाटू श्याम संकीर्तन का किया आयोजन



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** समाजसेवी हरेंद्र शर्मा के परिवार द्वारा हापुड रोड स्थित एबीएस गार्डन में भगवान श्री खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन किया। महोत्सव के अवसर पर भगवान खाटू श्याम के संकीर्तन में भजन गायको ने बड़े सुंदर ढंग से भगवान के भजनों को प्रस्तुत किया । भजनों को सुनकर भक्तजन भाव विभोर हो गए। भगवान की आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जनों ने भाग लिया।

# ऑपरेशन प्रहार' बना युवा जागरूकता का सशक्त मंच, एसआरएम कॉलेज में पुलिस-प्रशासन का संयुक्त अभियान सफल

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद/मोदीनगर।** थाना निवाड़ी क्षेत्रांतर्गत एसआरएम इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एनसीआर कैंपस) में गाजियाबाद पुलिस एवं संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 'ऑपरेशन प्रहार' के अंतर्गत एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे और अवैध हथियारों के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें सुरक्षित, जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। संस्थान के डीन डॉ. आर.पी. महापात्रा ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया और इस पहल को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया।






कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त गाजियाबाद श्री केशव चौधरी ने अपने संबोधन में युवाओं से आ'ान किया कि वे नशे और अपराध से दूर रहकर समाज के निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि 'युवा ही देश का भविष्य हैं, उनकी सही दिशा ही समाज को सुरक्षित बना सकती है।' इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त ग्रामीण श्री सुरेंद्र नाथ तिवारी ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कानून व्यवस्था, सामाजिक जिम्मेदारी और जागरूक नागरिक बनने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने अनुभव साझा कर युवाओं को अपराध से दूर रहने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर श्री भास्कर वर्मा, थाना प्रभारी निवाड़ी श्री कृष्ण कुमार मौर्य सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अपने वास्तविक अनुभवों के माध्यम से छात्रों को अपराध के दुष्परिणाम और उससे बचाव के उपाय बताए। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. एस. विश्वनाथन, डीन डॉ. आर.पी. महापात्रा, डीन कैंपस लाइफ डॉ. नवीन अहलावत एवं डीन आईक्यूएसी डॉ. धौम्य भट्ट सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने समाज की सुरक्षा और कानून के पालन का संकल्प लिया। साथ ही, आरजू क्लब के छात्रों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका (स्किट) ने दर्शकों को नशे और अपराध के प्रति जागरूक करने का सशक्त संदेश दिया।

अंत में डॉ. नितिन धामा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी अतिथियों, पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों एवं आयोजन टीम का आभार व्यक्त किया गया। संदेश स्पष्ट रहा—युवा स्वयं जागरूक बनें और समाज को भी नशे व अपराध मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# रात में तार जलाकर फैला रहे थे जहर, एसडीएम लोनी की बड़ी कार्रवाई – 10 आरोपी रंगे हाथ पकड़े गए

**कपिल चौहान**

**लोनी (वेलकम इंडिया)।** तहसील लोनी क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण और अवैध गतिविधियों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जिलाधिकारी गाजियाबाद के निर्देश पर बुधवार देर रात अमित विहार इलाके में संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी की गई, जिसमें 10 लोगों को अवैध रूप से तार जलाकर धातु निकालते हुए मौके पर गिरफ्तार किया गया। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) लोनी श्री दीपक सिंघनवाल के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने यह अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान सभी आरोपियों को मौके से पकड़कर तत्काल पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि क्षेत्र में रात के समय अवैध रूप से तार जलाकर धातु निकाली जा रही है, जिससे वातावरण में जहरीला धुआं फैल रहा है और प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। इस अभियान में नायब तहसीलदार श्रीमती रति गुप्ता सहित पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।





## एसडीएम का सख्त संदेश

उपजिलाधिकारी दीपक सिंघनवाल ने स्पष्ट चेतावनी दी कि तहसील लोनी क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध और प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों को किसी भी हालत में संचालित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# गेम के विवाद ने ली मासूम की जान: चाकू हमले में फैजान की मौत, इलाके में तनाव

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के आर्य नगर इलाके में बच्चों के बीच मामूली विवाद ने अचानक खौफनाक रूप ले लिया। घर के अंदर गेम खेलते समय दो बच्चों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि एक किशोर ने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में फैजान नामक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई।



घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस बल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और हालात को नियंत्रित करते हुए भीड़ को हटाया गया। चूंकि मामला अलग-अलग समुदाय से जुड़ा बताया जा रहा है, इसलिए पुलिस ने विशेष सतर्कता बरतते हुए क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

मृतक फैजान का परिवार मूल रूप से फिरोजाबाद का रहने वाला है। उसके पिता नईम मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। परिवार में बड़ा भाई मोबीन, फरहान, जैद और बहन इलमा शामिल हैं। बताया जा रहा है कि यह परिवार पिछले करीब दो महीने से आर्य नगर में जाकिर नामक व्यक्ति के मकान में किराए पर रह रहा था। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी किशोर के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी कर रही है।

# ऑपरेशन प्रहार' का प्रहार: अपराधियों में खौफ, जनता में भरोसा—गाजियाबाद पुलिस का मेगा अभियान

**अरूण मिश्रा**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा अपराधों के प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ के नेतृत्व में गाजियाबाद पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत एक व्यापक एवं सघन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पूरी सक्रियता और प्रतिबद्धता के साथ संचालित किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों तथा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियमित रूप से गश्त कर सघन चेकिंग एवं सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही आमजन को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।







पुलिस प्रशासन द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखते हुए आवश्यकतानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। 'ऑपरेशन प्रहार' का उद्देश्य अपराधियों में कानून का भय उत्पन्न करना तथा जनपद में सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण स्थापित करना है।

इसी क्रम में युवाओं को अपराध के दुष्परिणामों एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर उन्हें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

गाजियाबाद पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देते हुए जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को भी इस अभियान में सहभागी बनाया जा रहा है। आमजन से अपील की जा रही है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और अपराधमुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें।

पुलिस प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि जनपद में किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अस्पताल से फरार घायल फिर हादसे का शिकार: पुलिस की लापरवाही पर 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना निवाड़ी क्षेत्र के पतला चौकी इलाके में 7 अप्रैल 2026 की रात पुलिस की लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें एक घायल युवक की जान पर दोबारा खतरा बन गया।

जानकारी के अनुसार, रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम को अमित (लगभग 35 वर्ष) नामक व्यक्ति शराब के नशे में घायल अवस्था में मिला। पुलिस ने उसे तत्काल उपचार के लिए मुरादनगर सीएचसी में भर्ती कराया।

बताया गया है कि अस्पताल में भर्ती के दौरान ही अमित पुलिस निगरानी से निकलकर फरार हो गया और मुख्य सड़क पर पहुंच गया। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर वह फिर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल उसे दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी ग्रामीण ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर थाना निवाड़ी के 02 सब-इंस्पेक्टर और 02 सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही, परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस संबंध में सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर श्री भास्कर वर्मा ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



# पद्मश्री कैलाश खेर ने की 'ऑपरेशन प्रहार' की सराहना, नशामुक्त समाज का दिया संदेश

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संगीत जगत के दिग्गज एवं पद्मश्री से सम्मानित कैलाश खेर ने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' की सफलता एवं प्रभावशीलता की सराहना की है। उन्होंने इस पहल को समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की।

कैलाश खेर ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज को भी खोखला कर देता है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आ'ान किया कि वे सकारात्मक गतिविधियों में भाग लें और अपने जीवन को सही दिशा दें। 'ऑपरेशन प्रहार' अभियान के तहत गाजियाबाद पुलिस अवैध हथियारों एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य जनपद को नशा एवं अपराध मुक्त बनाना है, जिससे आमजन को सुरक्षित वातावरण मिल सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और आमजन का सहयोग भी लगातार बढ़ रहा है। जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया जा रहा है, जिससे समाज में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। नशे से दूर रहें, सुरक्षित और स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।




# चेकिंग में दबोचा गया हमलावर: स्नैचिंग की कोशिश नाकाम, महिला को किया था घायल

**अरूण मिश्रा**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए स्नैचिंग की असफल कोशिश करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वारदात के दौरान एक महिला को घायल भी कर दिया था। पुलिस के अनुसार, नियमित चेकिंग अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जा रही थी, तभी पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक को रोककर पूछताछ की। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने महिला से स्नैचिंग की कोशिश करने की बात स्वीकार की, जिसमें विरोध करने पर उसने महिला पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।



# जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनीं फरियादें, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** जनपद में आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर पुलिस अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई का क्रम लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस उपायुक्त ग्रामीण श्री सुरेन्द्र नाथ तिवारी एवं पुलिस उपायुक्त नगर/मुख्यालय श्री धवल जायसवाल ने अपने-अपने कार्यालयों पर शिकायत लेकर पहुंचे लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों ने विभिन्न प्रकार की समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिन पर अधिकारियों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान अधिकारियों ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को भी निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो सके। जनसुनवाई के इस प्रयास से लोगों को राहत मिली और उन्होंने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की।





# निटरा में 'सुरक्षात्मक वस्त्रों में नवाचार' पर राष्ट्रीय मंथन, मिल्कवीड तकनीक बनी आकर्षण का केंद्र









**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** Northern India Textile Research Association (निटरा) में गुरुवार को 'सुरक्षात्मक वस्त्रों में नवाचार' विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरीराज सिंह एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचेन ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। सम्मेलन में खादी एंड विलेज इंडस्ट्रिज कमिशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रूप राशी, संयुक्त सचिव मनीषा चटर्जी, निटरा चेयरमैन विदित जैन, डिप्टी चेयरमैन संदीप होरा एवं महानिदेशक डॉ. एम.एस. परमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्रियों ने डॉ. परमार के साथ मिल्कवीड की खेती का निरीक्षण किया और इसकी प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने इसे पीएम नरेन्द्र मोदी के 'स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत' के विजन को साकार करने वाला अहम कदम बताया। मिल्कवीड पौधे के विभिन्न हिस्सों से तैयार किए जा रहे उत्पादों को वैज्ञानिक नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण बताया गया।

कार्यक्रम में डॉ. एम.एस. परमार द्वारा लिखित मिल्कवीड पर पुस्तक का विमोचन और वृतचित्र का लोकार्पण भी किया गया। साथ ही 'मिल्कवीड फ्लॉस एवं सीड सेपरेटर नामक स्वदेशी मशीन का अनावरण किया गया, जो बीज और रेशे को अलग करने में सक्षम है। अपने संबोधन में राकेश सचान ने इसे उत्तर प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि यह परियोजना किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगी। वहीं गिरिराज सिंह ने कहा कि मिल्कवीड की खेती कम लागत में अधिक लाभ देने वाली साबित हो सकती है और इसका हर हिस्सा आय का स्त्रोत बन सकता है। निटरा महानिदेशक डॉ. एम.एस. परमार ने देशभर से आए वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों और शिक्षाविदों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सम्मेलन सुरक्षात्मक वस्त्रों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सम्मेलन के तहत आयोजित तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों ने अपने शोध प्रस्तुत करते हुए सुरक्षात्मक वस्त्रों के भविष्य पर विस्तृत चर्चा की। अंत में डॉ. परमार ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता का भरोसा दिलाया।

# गाजियाबाद में विशेष शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राम नगर कॉलोनी, 5 नंबर भट्ठा रोड, अटोर गांव (राज नगर एक्सटेंशन के निकट) स्थित Institute of Rehabilitation द्वारा तीन दिवसीय विशेष शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार से प्रारंभ किया गया। यह कार्यक्रम Rehabilitation Council of India (भारतीय पुनर्वास परिषद), भारत सरकार के अनुमोदन के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में कार्यरत विशेष शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'विकलांगता की शीघ्र पहचान एवं शीघ्र हस्तक्षेप' रखा गया है। संस्था की निदेशक श्रीमती मंजू गुप्ता ने मुख्य अतिथि संजय शाह का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि दिव्यांगता की शीघ्र पहचान के लिए समाज में जागरूकता फैलाने में समाचार माध्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्य अतिथि संजय शाह ने भी अपने संबोधन में मीडिया और दिव्यांगता की पहचान के बीच गहरे संबंध को रेखांकित करते हुए इस दिशा में सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न प्रतिष्ठित विशेषज्ञ—डॉ. रावली माथुर, डॉ. विवेक झा, डॉ. वी. पी. साह, डॉ. गौरव तोमर, डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, डॉ. सिद्धार्थ उपाध्याय, डॉ. सुमित भटेजा, अमरकोश महेंद्रू और डॉ. तानिया सोलंकी—अपने-अपने विषयों पर व्याख्यान देंगे। इसके अतिरिक्त संस्था की व्याख्याता श्रीमती बबीता शर्मा, कुमारी तान्या और आशुतोष गौर द्वारा दिव्यांग बच्चों के साथ हस्तक्षेप की प्रत्यक्ष प्रस्तुति भी दी जाएगी। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को Rehabilitation Council of India द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। अंत में संस्था की निदेशक श्रीमती मंजू गुप्ता ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और संस्था के कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।






